YouTube AJJ KA MUDDA

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र

Website : www.aajkamudda.com
Email:muddaaajka@gmail.com

# आज का मुद्दा

नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

नजर आपकी खबर आपकी

वर्ष : 14 अंक 334 नोएडा गौतमबुद्धनगर, बुधवार 18 दिसंबर 2024 RNI-No. UPHIN/2011/37197 पेजः 8 मूल्य : 2 रुपया



# महाकुंभ 2025 : 45 दिनों में 45 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान



**नईदिल्ली/लखनऊ (एजेंसी)।** केंद्र सरकार 13 जनवरी से प्रयागराज में शुरू हो रहे महाकुंभ में शामिल होने वाले रेल यात्रियों की सुविधा के नए विकल्प पर विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे महाकुंभ से लौटने वाले सामान्य श्रेणी (जनरल कोच) के यात्रियों के लिए टिकट खरीदने की अनिवार्यता खत्म कर सकती है। इसके लिए जरूरी औपचारिकताओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

दरअसल, महाकुंभ के 45 दिनों में देशभर से करीब 45 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है। रेलवे का आकलन है कि कुंभ के दिनों का औसत निकालें तो रोज 5 लाख से ज्यादा यात्री सामान्य श्रेणी के कोचों में सफर करेंगे।

- महाकुंभ से लौटने वालों को बिना टिकट सफर पर विचार
- जनरल कोच में 200-250 किमी तक का ट्रेवल कर सकेंगे, 3 हजार स्पेशल ट्रेन चलेंगी

### यह सुविधा किसे मिलेगी किसे नहीं

*क्या सभी यात्रियों को यह सुविधा मिलेगी? नहीं। सुविधा सिर्फ सामान्य श्रेणी से कुंभ मेला से वापस लौटने वाले यात्रियों को मिलेगी। बाकी श्रेणियों के यात्री आरक्षित टिकट लेकर ही यात्रा कर सकेंगे।

*क्या यात्री कुंभ से देश में कहीं भी जा सकेंगे? नहीं। प्रयागराज से 200 से 250 किमी तक के यात्रियों के लिए यह सुविधा देने पर विचार हो रहा है।

*अगर किसी को 250 किमी से दूर जाना हो तो? लंबी दूरी के यात्री भीड़ में टिकट नहीं खरीद पाते, तो ट्रेन में टीटीई से टिकट ले सकेंगे। यदि कुंभ से लौट रहे हैं तो जुर्माना नहीं लगेगा। इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला होना बाकी है।

## एक देश-एक चुनाव बिल लोकसभा में पेश

### बिल को लेकर हुई वोटिंग, पक्ष में 269, विरोध में 198 वोट पड़े

#### कांग्रेस बोली- सरकार के पास दो-तिहाई बहुमत नहीं



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को एक देश, एक चुनाव बिल के लिए 129वां संविधान बिल पेश किया। बिल के लिए पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई गई। कुछ सांसदों की आपत्ति के बाद वोट संशोधित करने के लिए फिर पर्ची से मतदान हुआ। बिल को पेश करने के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन में रखा। अमित शाह ने सदन में कहा कि बिल जब कैबिनेट में आया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजना चाहिए। कानून मंत्री ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं।

**पर्ची से मतदान होने के बाद पक्ष में वोट बढ़े-** 12.10 बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पेश किया। विपक्षी सांसदों ने बिल का विरोध किया, जिसके बाद स्पीकर ओम बिड़ला ने बिल पेश करने को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई। इसमें 369 सदस्यों ने वोट डाला। पक्ष में 220, विपक्ष में 149 वोट पड़े। इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताई।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर उनको ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि अगर किसी सदस्य को लगे तो वह पर्ची के जरिए भी अपना वोट संशोधित कर सकता है। इसके बाद ज्यादा सांसदों ने वोट डाला। पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद 1:15 बजे कानून मंत्री ने दोबारा बिल पेश किया।

### मेघवाल ने केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े 3 कानूनों में संशोधन का बिल भी पेश किया

मेघवाल ने केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े 3 कानूनों में संशोधन का बिल भी पेश किया। इसमें द गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट- 1963, द गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली- 1991 और द जम्मू एंड कश्मीर रीऑर्गनाइजेशन एक्ट- 2019 शामिल हैं। इसके जरिए जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए भी संशोधन किया जा सकता है।



**कांग्रेस बोली- बिल पर सरकार को बहुमत नहीं मिला-** कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने कहा कि संसद में सरकार को बिल के लिए दो-तिहाई बहुमत (307) चाहिए था, लेकिन सिर्फ 263 वोट मिले। इसके विरोध में 198 वोट पड़े। ये बिल जरूरी बहुमत नहीं जुटा सका है।

**32 पार्टियां बिल के साथ, 15 ने विरोध जताया-** एक देश-एक चुनाव पर 32 राजनीतिक दलों ने अपना समर्थन दिया है। इनमें जगन मोहन रेड्डी की बायएसआरसीपी, के चंद्रशेखर राव की (बीआरएस) और पलानीसामी की एआईएडीएमके जैसी पार्टियां शामिल हैं। ये तीनों पार्टियां किसी भी अलायंस का हिस्सा नहीं हैं। वहीं, 15 पार्टियों ने इसका विरोध किया है। इसमें कांग्रेस के अलावा शिवसेना (बीटी), समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके जैसी पार्टियां शामिल हैं।

**पूर्व राष्ट्रपति कोविंद बोले- ये मॉडल देश के विकास में योगदान देगा-** पूर्व राष्ट्रपति और समिति के अध्यक्ष रामनाथ कोविंद ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के बारे में कहा- जिस दिन हमारी अर्थव्यवस्था 10 प्रतिशत-11 प्रतिशत तक बढ़ेगी, हमारा देश दुनिया की तीसरी-चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की कतार में होगा।


- **जितने दिन चाहेंगे, उतने दिन का समय चर्चा के लिए देंगे- ओम बिरला -** स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि पहले भी सारी व्यस्था दे दी है। पुरानी परंपरा भी बता दी है। मंत्रीजी ने भी कह दिया है कि जेपीसी गठित होगी। जेपीसी के समय व्यापक चर्चा होगी और सब दल के सदस्य होंगे। जब बिल आएगा तो सबको पूरा समय दिया जाएगा और डिटेल चर्चा होगी। जितने दिन आप चर्चा चाहेंगे, उतने दिन का समय दिया जाएगा।
- **ओवैसी बोले- बिल से क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी-** ओबैसी सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि एक देश, एक चुनाव बिल अप्रत्यक्ष रूप से लोकतंत्र की राष्ट्रपति शैली लाएगा। इससे क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी।
- **टीडीपी का एक देश, एक चुनाव को समर्थन-** तेलुगु देशम पार्टी सांसद और केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने अपनी पार्टी की तरफ से एक देश, एक चुनाव बिल का समर्थन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका के बैग पर फिलिस्तीन के बाद आज बांग्लादेश मुद्दा,

#### लिखा- हिंदुओं-ईसाइयों साथ खड़े हो, पाकिस्तानी नेता बोले- हमारे सांसदों में इतनी हिम्मत नहीं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी मंगलवार को संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं, जिस पर बांग्लादेशी हिंदुओं और ईसाइयों साथ खड़े हो लिखा था। एक दिन पहले ही वे फिलिस्तीन को समर्थन करने वाला बैग लेकर पहुंची थीं। जिस पर फिलिस्तीन



आजाद होगा लिखा था। इस पर विवाद भी हुआ। प्रियंका ने सवाल उठाने वालों से कहा था- मैं कैसे कपड़े पहनूंगी, इसे कोई और तय नहीं करेगा, बरसों से चल रही रूढ़वादी पितृसत्ता को मैं नहीं मानती, मैं जो चाहूंगी, वही पहनूंगी। फिलिस्तीन का सपोर्ट करने पर पाकिस्तान सरकार में पूर्व मंत्री फवाद हसन चौधरी ने भी उनकी तारीफ में कहा कि हमारे सांसदों में इतनी हिम्मत नहीं।

उन्होंने एक्स पर लिखा- जवाहरलाल नेहरू जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी की पोती से हम और क्या उम्मीद कर सकते हैं? प्रियंका ने अपना कद और ऊंचा कर लिया है, यह शर्मनाक है कि आज तक किसी पाकिस्तानी सांसद ने ऐसी हिम्मत नहीं दिखाई।

### शिवसेना (बीटी) की सावरकर को भारत रत्न देने की मांग

#### उद्धव बोले- कांग्रेस सावरकर और भाजपा नेहरू की रट छोड़े, भविष्य पर बात करें

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी शिवसेना (बीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की। उद्धव ने कहा- कांग्रेस को वीर सावरकर और भाजपा को अब नेहरू की रट नहीं लगानी चाहिए। इन महापुरुषों ने जो किया वह किया, अब आगे



भविष्य पर बात करनी चाहिए।

भाजपा वीर सावरकर को भारत रत्न कब देगी? देवेंद्र फड़णवीस ने भी पत्र लिखे थे, उसका क्या हुआ। क्यों भारत रत्न नहीं दे रहे तब भी पीएम मोदी ही थे। उद्धव नागपुर में एक प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। इससे पहले 14 दिसंबर को पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भी सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की थी।

### यूक्रेनी हमले में रूस के न्यूक्लियर चीफ की मौत

#### इलेक्ट्रिक स्कूटर में 300 ग्राम टीएनटी लगाकर हत्या; रूस बोला- ये आतंकी हमला, इसका बदला लेंगे

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के न्यूक्लियर चीफ इगोर किरिलोव की मंगलवार को मॉस्को में हुए एक ब्लास्ट में मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक जनरल किरिलोव अपार्टमेंट से बाहर



निकल रहे थे, उसी वक्त नजदीक में ही खड़े स्कूटर में ब्लास्ट हो गया। इसमें किरिलोव के साथ-साथ उनका अस्टिटेंट भी मारा गया है। धमाका मॉस्को के राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन से सिर्फ 7 किमी दूर हुआ है। रूस की जांच एजेंसी ने बताया कि धमाके के लिए 300 ग्राम टीएनटी का इस्तेमाल किया गया था।

## प्रधानमंत्री का वन नेशन-वन इलेक्शन विजन होगा साकार, विकास कार्यों में आएगी गति : नायब सिंह सैनी





**पंचकूला, 18 दिसंबर- (शशि किरण अरोड़ा) - आज का मुद्दा--**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संसद में पेश किए गए वन नेशन-वन इलेक्शन बिल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस बिल के पास होने से प्रधानमंत्री का विजन साकार होगा और एक ही समय पर चुनाव होने से समय और धन दोनों की बचत होगी तथा देश-प्रदेश में विकास का क्रम निरंतर जारी होगा।

मुख्यमंत्री पिंजौर के जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र में 25 गिद्धो को खुली हवा में छोड़ने के कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर पर्यावरण, वन तथा वन्य जीव मंत्री राव नरवीर सिंह भी उपस्थित थे।

**किसान हित के नाम पर कांग्रेस व आप पार्टी कर रही है राजनीति**

नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की हमेशा सरकार के द्वारा किए जा रहे अच्छे कामों का विरोध करने की आदत हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश पर 55 वर्षों तक राज किया, लेकिन उन्होंने किसान हित के लिए कोई भी अच्छा निर्णय लिया हो तो वे बताएं। हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक व तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है। वहीं, पंजाब व दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है, इन प्रांतों में किसान धरने व प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान के नाम पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी मिलकर राजनीति कर रहे हैं।

**हरियाणा सरकार लगातार किसान हित में कर रही है कार्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार किसान हित में कार्य कर रही है। हमारी सरकार शत-प्रतिशत फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही है। सब्जी किसानों को भावांतर योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर सब्सीडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी किसानों के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 4500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का किसानों को भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को ट्रैक्टर व कृषि उपकरणों पर सब्सिडी दे रही है और किसान का खर्च कम से कम हो, इसके लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 2022 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूरिया व डीएपी के भाव बढे थे तो प्रधानमंत्री ने इनके दाम बढ़ाने पर रोक लगाई और किसान को सस्ती दरों पर खाद उपलब्ध करवाई, ताकि किसान पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को यूपीए के समय ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आज इंडी गठबंधन जो उस समय यूपीए का हिस्सा थे, वे आज किसान हित की बात कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली प्रबंधन के लिए हरियाणा के किसान आगे आए, इसके लिए वे किसानों के आभारी हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी हरियाणा की इस पहल की तारीफ की है।



# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक



ललित गर्ग

**खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है। खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी सांस्कृतिक एकता को है, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए?**

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ. आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं।

भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र,




मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें।

लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है।

भारत की माटी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है।' इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं। भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है। एक या अधिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और जबरन आत्मसात करने से समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों का नुकसान हो सकता है जिन्होंने सदियों से भारत में अपनी विरासत संभाली है। विशिष्ट भारतीय समुदायों की सांस्कृतिक रूप से विविध पहचान को केवल अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करके ही बरकरार रखा जा सकता है। भारतीय सामाजिक प्रथाओं में प्रत्येक संस्कृति और धर्म के प्रति सहिष्णु और सर्व-समावेशी रवैया शामिल है। भेदभाव, जबरन आत्मसातीकरण एवं धर्म-परिवर्तन समुदायों को खतरे में डालता है और भारतीय समाज के समग्र सार एवं उसके मूल स्वरूप को प्रभावित करता है। भेदभाव नफरत का सबसे खराब एवं वीभत्स रूप है। लोगों के एक समूह के खिलाफ उनकी भाषाई या सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर हिंसक कार्रवाई करना किसी व्यक्ति के विवेक के लिए हानिकारक है।

खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है। खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी सांस्कृतिक एकता को है, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं। वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो नैतिक दायित्व भी हैं। देश, सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा। धर्म तो संजीवनी है, जिसे विष के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। वोटों के लिए जिस प्रकार की धर्म की एवं अल्पसंख्यकवाद की राजनीति चलाई जा रही है और हिंसा को जिस प्रकार समाज में प्रतिष्ठापित किया जा रहा है, क्या इसको कोई थामने का प्रयास करेगा? राजनीति का व्यापार करना छोड़ दीजिए, भाईचारा अपने आप जगह बना लेगा, अल्पसंख्यक अपने आप ऊपर उठ जायेगा।

## संपादकीय

### बदलते अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस की तरफ से ईवीएम को लेकर की जा आपत्ति पर सवाल उठा दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस को इवीएम का रोना बंद कर, चुनाव नतीजों को कुबूलना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा, जब आपको संसद में सौ से ज्यादा सदस्य मिलते हैं तो इसे जीत के रूप में उत्साहित होते हैं। कुछ महीनों बाद जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आए तो पलट कर उन्हें दोष नहीं दे सकते। उन्होंने कहा अगर ईवीएम समस्या है, तो आपको लगातार समस्या होनी चाहिए। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में अब्दुल्ला ने क्रांगेस के खिलाफ जाते हुए नये संसद भवन की तारीफ की। उनके विचारों से स्पष्ट है कि उनकी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के बीच दरारें आ रही हैं। उन्होंने इंड़िया गठबंधन के तौर पर कांग्रेस की भूमिका पर सवाल करते हुए कहा कि संसद में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी होने के कारण उसे लोक सभा व राज्य सभा दोनों जगह विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी भी मिली है। इस पर दूसरे दल दावा नहीं कर सकते। इससे पहले भी इंड़िया गठबंधन की दो प्रमुख दल सपा व टीएमसी अड़ानी मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदर्शन में साथ नहीं आए। मायावती एक देश-एक चुनाव को लेकर सरकार के पक्ष में आ चुकी हैं। उधर गठबंधन में ममता बनर्जी को नेतृत्व की कमान देने जैसी बातें भी जोर-शोर से उठ रही हैं। जिसका समर्थन लालू यादव भी कर चुके हैं। अब अब्दुल्ला के भाजपा के सुर में बोलने को इसी फूट से जोड़ा जा सकता है। भले ही वह इसे अपनी स्वतंत्र सोच का उदाहरण कह रहे हैं। केंद्र सरकार भी विपक्ष द्वारा इवीएम पर उंगली उठाए जाने पर यही दलील देती है। क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़.कमजोर पड़ता नजर आ रहा है। गठबंधन की राजनीति के अपने कुछ कायदे हैं, कांग्रेस जिनकी अनदेखी करती रही है। उसे बिखरने से बचाने की उम्मीद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने भी कहा है कि कांग्रेस को नेतृत्व का मोह छोड़न्ना होगा। अय्यर ने कांग्रेस को आगे बढ़ने के लिए सभी दलों को उचित सम्मान देने की भी सलाह दी। मोदी को चुनौती देने और सरकार के खिलाफ सभी विपक्षी दलों को एक-जुट रहने के प्रयास कमजोर पड़ते जा रहे हैं। संसदीय चुनाव में इस गठबंधन ने मोदी सरकार को कड़ी टक्कर देकर काफी उम्मीदें बढ़ा ली थी। जो हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तक काफूर हो गई। यदि कांग्रेस ने अपना रवैया नहीं बदला तो सहयोगी दलों की यह अनदेखी उसको भारी पड़. सकती है।

## चिंतन-मनन

### अनुशासन का पाठ

गुरु अंबुजानंद के पास अनेक शिष्य शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। उनका आश्रम लंबे समय से चल रहा था। अब चूंकि अंबुजानंद काफी वृद्ध हो गए थे, गुरुकुल चलाना उनके लिए कठिन हो रहा था। वह अपने शिष्यों में से ही किसी एक को गुरुकुल का सारा कार्यभार सौंपना चाहते थे। एक दिन उन्होंने अपने 18 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को अपने पास बुलाया। उन्होंने उनसे कहा, आप सभी प्रतिभाशाली, मेहनती और ईमानदार हैं। यदि मैं आपको शिक्षा के लिए किसी विशेष क्षेत्र में नियुक्त करना चाहूं तो आप कौन-कौन से क्षेत्र को चुनना चाहेंगे?

यह सुनकर सभी शिष्य कुछ देर सोचते रहे और फिर 17 विद्यार्थियों ने अपने-अपने मनपसंद क्षेत्रों के नाम गुरु को बता दिए। अठारहवां शिष्य आयुष अभी तक कुछ सोच ही रहा था। उसे चुप देखकर गुरु ने पूछा, बेटा आयुष, तुमने अपने लिए किसी क्षेत्र का चुनाव नहीं किया? गुरु की बात सुनकर आयुष ने सिर झुकाकर कहा, गुरुजी, मैंने आपसे ही शिक्षा ग्रहण की है। मैं आपके द्वारा सीखी गई शिक्षा को जन-जन तक फैलाना चाहता हूं। इसके लिए मुझे किसी क्षेत्र विशेष का चुनाव करने की आवश्यकता नहीं है। मैं हर क्षेत्र में आपके द्वारा प्रदान की गई शिक्षाओं को दूसरों तक पहुंचाना चाहूंगा।

हालांकि क्षेत्र से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है आपके दिए गए मूल्य या संस्कार का प्रसार, जो शास्त्रों से अलग है। मैं चाहता हूं कि लोग उसे जानें ताकि वे नैतिक दृष्टि से भी श्रेष्ठ हों। मात्र पुस्तकीय ज्ञान से कुछ नहीं होने वाला है। आपने जो अनुशासन का पाठ हमें पढ़ाया है, उसे तो मैं विशेष रूप से सिखाना चाहूंगा। ज्ञान पाने के लिए व्यक्तित्व को एक खास सांचे में ढालना पड़ता है। आपने जिस तरह हमें ढाला है, मैं भी दूसरों को ढालना चाहूंगा। आयुष की बात सुनकर गुरु अंबुजानंद का चेहरा प्रसन्नता से खिल उठा। उन्होंने उसे गले से लगाकर कहा, बेटा, आज से यह गुरुकुल तुम्हारी देखरेख में ही चलेगा।

# नीतीश कुमार की यात्रा समाधान या सियासत, पर्दा उठ गया..!



श्रीराम सिंह

जब नीतीश केबिनेट ने 225 करोड़ राशि मुख्यमंत्री के महिला संवाद यात्रा के लिए स्वीकृत किया तब से ये डिबेट शुरू हो गई की इन यात्राओं से किसे क्या मिलेगा. इस यात्रा के पहले भी नीतीश कुमार 14 यात्राएं कर चुके हैं. उनका लोगों के जीवनस्तर पर कितना असर हुआ. इन सभी सवालों का जवाब खोजा जा रहा था इसी बीच नीतीश कुमार ने अपनी पंद्रहवीं यात्रा महिला संवाद यात्रा स्थगित कर दी. अब इस बात को लेकर राजनीतिक गलियारें एयर मिडिया जगत में अलग अलग क्यास और संभावनाओं पर चर्चा छोड़ गई है. 2023 में नीतीश कुमार ने बिहार में अंतिम यात्रा समाधान यात्रा किया था. 5 जनवरी 23 को नीतीश ने पश्चिमी चंपारण जिले से शुरू किया था, जो पटना में खत्म हुई. इस दौरान सीएम ने 28 दिन तक राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा किया और विकास कार्यों का जायजा लिया था. नीतीश की इस यात्रा से जेडीयू कार्यकताओं का जोश आया तो वहीं महागठबंधन में भी उत्साह बढ़ा. सीएम नीतीश कुमार जहां-जहां गए, वहां जेडीयू नेताओं और कार्यकताओं ने नीतीश के 2024 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री का दावेदार बनने के लिए नारे लगाए और पूरा माहौल बना दिया था. हालांकि, सीएम खुद को पीएम कैंडिडेट मानने से बचने की कोशिश करते दिखे थे. लेकिन जैसे ही नीतीश कुमार ने अपनी पंद्रहवीं यात्रा महिला संवाद का घोषणा किया. पिछली यात्राओं के नफा नुकसान पर डिबेट होने लगा है. आइये जानते हैं नीतीश कुमार की समाधान यात्रा से बिहार की जनता, महागठबंधन, जदयू, भाजपा, एनडीए किसे कितना लाभ हुआ और 2024 के चुनाव में जेडीयू, महागठबंधन, भाजपा या एनडीए को कितना फायदा हुआ. सीएम नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे रहे. कई राज्यों का दौरान किए और गैरभाजपा दलों को एक छत के निचे लाने में सफल रहे. वही इसके ठीक विपरीत यात्रा पर जेडीयू नेताओं का कहते रहे कि समाधान यात्रा का 2024 चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है. मगर इस यात्रा से पार्टी ने नीतीश कुमार की छवि को सुधारने की कोशिश की. कुछ महीने पहले ही जेडीयू ने बीजेपी का साथ छोड़कर आरजेडी-कांग्रेस और अन्य दलों के साथ सरकार बनाया था. उसके बाद फिर से कानून व्यवस्था, शराबबंदी समेत अन्य मुद्दों पर सवाल उठने लगे थे. भाजपा लगातार बिहार में जंगलराज की वापसी के आरोप लगा रही थी. हलांकी कुछ महीने राजद के साथ सरकार चलाने के बाद छवि बदलने और लोगों को भरोसा दिलाने के लिए ही प्लान किया गया समाधान यात्रा निकालने का. जेडीयू कुछ हद तक इस अभियान में सफल भी हुई. वहीं इसका लोकसभा चुनाव में भी जबरदस्त फायदा हुआ. नीतीश ठीक एक साल के बाद फिर से एनडीए के साथ चले गए. हालांकी उससे ाहले नीतीश कुमार ने एक सफल रणनीति का बीजारोपण जरूर कर दिया था जो इंडिया गठबंधन का रूप लिया. जिस अभियान में कई नेताओं ने प्रयास करने के बाद थक हार कर उम्मीद छोड़ दिया था उसे नीतीश ने सच कर के दिखाया. नीतीश कीमार की समाधान यात्रा से जनता को कितना फायदा हुआ इस बात से ज्यादा चर्चा यात्रा मे जुटने वाली भीड़ और उसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की उजस्थिति की थी. क्योंकि इस भीड़ में नीतीश कुमार और जदयू के भविष्य को स्थायित्व देने वाला वोट दिख रहा था. हर जगह महिलाओं की लंबी कतार और दीवारों पर जीविका योजना के बैनर और पोस्टर बता रहे थे कि नीतीश कुमार के लिए यह योजना काफी अहम है. जीविका योजना के तहत बिहार के ग्रामीण इलाकों में मूल रूप से सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर नीतीश ने महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए सफल प्रयास किया. इस तरह से नीतीश कुमार जीविका दीदियों से मिलने वाले फीडबैक को खासा महत्व देते रहे हैं. बिहार में जीविका योजना से करीब डेढ़ करोड़ महिलाएं जुड़ी हुई हैं. यानि नीतीश कुमार ने होने लिए सबसे मजबूत और सुलझे हुए वोट बैंक का इंतजाम कर लिया है. यही कारण है की पूरी राजनीति इधर से उधर हो जाए और नीतीश कुमार का 15 प्रतिशत वोट टस से मस नहीं होता है. बिहार के ग्रामीण क्षेत्र में देखा गया है कि महिलाओं के जरिए योजना चलाने से हर परिवार तक ज्यादा से ज्यादा पहुंच आसानी से हो जाता है. बिहार के ग्रामीण इलाके में इसका बहुत असर भी हुआ है. महिलाएं न केवल आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ रही हैं, बल्कि जीविका के जरिए दहेज प्रथा, शिक्षा और बाकी कई अहम मुद्दों पर सीधा संवाद से सफलतापूर्वक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. हर नीति और रणनीति की सफलता को नीतीश कुमार महिलाओं के माध्यम से आसानी से सफल कर लेते हैं. यात्रा के दौरान हाथों में बैनर और पोस्टर लिए महिलाएं शराब का विरोध और शराबबंदी का समर्थन करती नजर आती हैं. तो वहीं गाना बजाना, नृत्य और नाटक के माध्यम से नीतीश कुमार की नीतियों का मंचन कर उसे सहजता से समझाने में भी सहयोग करती हैं. महिलाएं खुल कर स्वीकार करती हैं, पहले हम घर में बंद थे. बाहर नहीं निकलते थे. कोई हमारी कद्र भी नहीं करता था. अब हम ग्रुप से जुड़ कर काम करती हैं. हमारा सम्मान बढ़ा है और आत्मनिर्भर भी हुए हैं. महिलाओं का कहना है, नीतीश कुमार ने महिलाओ के लिए बहुत कुछ किया है. विकास के लिए महिलाओं का साथ बहुत जरूरी है. महिलाओं



को नीतीश जी के राज में बहुत सम्मान मिला है. जिस तरह नीतीश कुमार 2005 में जब पहली पारी में असफल हुए तो उन्होंने यात्रा के माध्यम से आम लोगों तक अपनी बात और भावनात्मक लगाव का फैसला किया. नीतीश का यह फैसला बड़ा ही सफल रहा. उसके बाद जब जब नीतीश कुमार को लगा की कमजोर पड़ रहे हैं तो यात्रा पर निकल गए. हर यात्रा ने नीतीश कुमार को पिछली बार से ज्यादा मजबूत किया. इस बार भी नीतीश कुमार ने महिलाओं संवाद यात्रा के माध्यम से अपने कोर वोट बैंक को चुस्त दुरुस्त करने का बड़ा ही धाकड़ प्लान बनाया है. यात्रा को स्थगित करना या कहने तो आगे बढ़ा देने के पीछे भी नीतीश की कोई रणनीति होगी. 15 दिसम्बर से नीतीश कुमार ने संभावित यात्रा को स्थगित कर दिया. इसमें कोई सदा संदेश तो नहीं छीपा है? जब जब नीतीश कुमार ने बड़े फैसले लिए हैं तो माहौल जरूर अलग बन जाता है. हलांकी यता स्थगित होने का कारण खरमास बताया जा रहा है. पर जब तिथि पर विचार किया गया उस समय ध्यान नहीं दिया गया! वहीं कहा जा रहा की 22 दिसंबर के लिए तैयारी शुरू हो चुकी है. खरमास तो तब भी खत्म नहीं हो रहा. यानि कुछ तो है जिसकी पदेर्दारी है. नीतीश की माया नीतीश ही जाने. खरमास बात कहीं कोई बड़ा राजनीतिक ट्विस्ट तो नहीं होने वाला.

# लोक सभा : प्रियंका के पहले भाषण ने जीता दिल



अमरेंद्र कुमार राय

प्रियंका गांधी से लोगों को शुरू से ही बहुत उम्मीदें रही हैं। ऐसे लोगों की कमी नहींं जो मानते थे कि अगर प्रियंका राजनीति में उतरें तो अपनी दादी स्वर्गीय इंदिरा गांधी की तरह अपने सभी राजनीतिक विरोधियों की छुट्टी कर देंगी। वे उनमें इंदिरा गांधी की शक्ल देखते थे। वही आंखें वैसा ही नाक-नक्श; हू ब हू, लेकिन प्रियंका गांधी लंबे समय तक राजनीति में नहीं आईं, आईं भी तो अपने आप को सिर्फ अमेठी और रायबरेली तक समेटे रहीं।

अब वो दिन भी आया जब प्रियंका गांधी सक्रिय राजनीति में आईं। उम्मीद की गई कि वे पार्टी को उत्तर प्रदेश में मजबूत बनाएंगी। उन्होंने कोशिश भी की। सबको पता है कि उत्तर प्रदेश में पार्टी का ढांचा चरमरा गया है। उसे मजबूत करने की जरूरत है। प्रियंका गांधी ने इस दिशा में पहल भी की। उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपनी सक्रियता भी बढ़ाई। लोग उनसे जुड़े भी, लेकिन चुनावों में इसका असर बिल्कुल भी नहीं दिखा। बल्कि यूं कहें कि इसका उलटा हुआ। पिछले विधान सभा चुनावों में पार्टी करीब ढाई प्रतिशत वोटों पर सिमट गई। तब कहा जाने लगा कि प्रियंका को राजनीति में लाने में देर कर दी गई। बाद में तो यह भी चर्चा सुनी जाने लगी कि प्रियंका गांधी राज्य सभा के जरिये संसद में जाना चाहती हैं। हिमाचल में कांग्रेस की जब जीत हुई और सरकार बनी तो चर्चा चली कि प्रियंका वहां से राज्य सभा में जा सकती हैं।

बाद में ऐसी ही चर्चा राजस्थान और तेलंगाना से भी जाने में हुई, मगर यह सब कयासबाजी ही साबित हुई। लोक सभा चुनाव में स्मृति ईरानी लगातार ताल ठोंक रही थीं और अमेठी से राहुल गांधी को चुनाव लड़ने के लिए ललकार रही थीं। वे 2019 में राहुल को अमेठी से हरा चुकी थीं और उनके हौसले बुलंद थे। हालांकि जितने सर्वे हो रहे थे उन सबमें यही दिख रहा था कि राहुल गांधी स्मृति ईरानी पर भारी पड़ रहे हैं, फिर भी राहुल या कांग्रेस ने ये साफ नहीं किया कि वे अमेठी से चुनाव लड़ेंगे ही। आखिर में जब सोनिया ने साफ किया कि खराब स्वास्थ्य के कारण वे चुनाव नहीं लड़ेंगी तो एक बार फिर चर्चा चली कि राहुल अमेठी से और प्रियंका रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी, लेकिन आखिर में राहुल गांधी रायबरेली और वायनाड से चुनाव लड़े। राहुल अमेठी और वायनाड दोनों जगहों से जीते। जब उन्होंने वायनाड छोड़ा तो प्रियंका वहां से चुनाव लड़ीं। वहां से वो चार लाख से ज्यादा वोटों से जीततीं। अभी पिछले हफ्ते ही उन्होंने लोक सभा में अपना पहला भाषण दिया। भाषण अच्छा था। सबने उन्हें सम्मान दिया। पक्ष ने भी और विपक्ष ने भी। उनके भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी कम ही टोकाटोकी की। उनका भाषण काफी संतुलित और तथ्यपरक था। वे पूरी तैयारी से सदन में आई थीं और लिखकर ले आई थीं और उसे पढ़ रही थीं। लोगों ने उनके भाषण की तारीफ की फिर भी लोगों का कहना है कि प्रियंका गांधी जब बिना स्क्रिप्ट के भाषण देती हैं तो वो ज्यादा अच्छा और असरदार होता है। अभी चल रहे संसद के मौजूदा सत्र में लोक सभा में तीन लोगों के भाषण की ज्यादा चर्चा हो रही है। प्रियंका गांधी, राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। प्रियंका गांधी ने करीब आधे घंटे भाषण दिया, राहुल गांधी ने करीब 26 मिनट जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घंटे भर से ज्यादा। सभी जानते हैं कि मोदी बहुत अच्छा भाषण देते हैं। प्रियंका गांधी भी अच्छा बोलती हैं, लेकिन उनके भाषण की तुलना अभी तक मोदी के भाषण से नहीं हुई थी। राहुल कमजोर वक्ता हैं, ये सभी लोग मानते हैं, लेकिन इस बार संसद में हुए भाषणों में जो तथ्य आये हैं उसने मोदी जी की लोकप्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। संसद टीवी पर उनके भाषण को एक खास समय में सिर्फ 26 हजार लोगों ने देखा, जबकि भाषण के मामले में कमजोर माने जाने वाले राहुल गांधी के भाषण को 86 हजार लोगों ने देखा। इस मामले में तो प्रियंका गांधी इन दोनों से ही बहुत आगे रहीं। उनके भाषण को नरेंद्र मोदी के भाषण से सात गुना ज्यादा लोगों ने देखा। उनके भाषण को एक लाख 89 हजार लोगों ने देखा।

ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री पर लोगों का भरोसा कम हो रहा है। उनकी लोकप्रियता में कमी आ रही है। यही वजह है कि उनका भाषण अच्छा होने के बावजूद उन्हें कम लोगों ने देखा, जबकि विपक्ष के नेता राहुल पर लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। लोग मान रहे हैं क



राहुल भले अच्छा भाषण न देते हों पर वे सच बोलते हैं, दिल से बोलते हैं और लोगों की दिल से भलाई चाहते हैं। इसीलिए उनका भाषण कमजोर होने के बावजूद मोदी से तीन गुना ज्यादा लोगों ने देखा। प्रियंका संसद में पहली बार बोल रही थीं। शायद इस वजह से भी उनका भाषण बहुत ज्यादा लोगों ने देखा। पर इतना तो तय है कि वे एक अच्छी वक्ता हैं। कांग्रेस को लोक सभा में अच्छे हिंदी वक्ता की कमी जो खल रही थी अब उसे पूरा करने के लिए वे आ गई हैं। प्रियंका भले दक्षिण भारत से जीतकर लोक सभा में पहुंची हैं पर इससे उत्तर भारत में कांग्रेस को नया बल मिल सकता है।

**आज का मुद्दा समाचार पत्र का प्रत्येक अंक मां गंगा और सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 62 नोएडा के चरणों में समर्पित :** स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक मनोज वत्स द्वारा वत्स ऑफसेट मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित करा कर मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया मुख्य संपादक के.जी.शर्मा **RNI.NO.UPHIN/2011/37197**, 9310549614
किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

# पुलिस लाइन स्थित सभागार में की गयी अपराध गोष्ठी व समीक्षा बैठक

**आज का मुददा बुलन्दशहर (त्रिलोक चन्द) :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्लोक कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार सहायक पुलिस अधीक्षक ऋजुल कुमार एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों व अभियोजन अधिकारीयों के साथ पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपराध-नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, आगामी पर्व क्रिसमस व नया साल, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति व जनजाति उत्पीड़न, अनावरण को शेष डकैती व लूट व हत्या के पंजीकृत अभियोगों एवं वांछितों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में अपराध गोष्ठी व समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। अपराध गोष्ठी व समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को उच्चाधिकारियों के आदेशों व निदेशों से अवगत कराते हुए शत-प्रतिशत अनुपालन कराने, अपराधों पर प्रभावी अकुंश लगाने व जनता की समस्याओं का शीघ्रतम विधिक निस्तारण करने, हिस्ट्रीशीटरों व टॉप-10 व जिलाबदर अपराधियों पर सतर्क निगरानी रखने एवं वांछित व ईनामी वारंटियो की अधिक से अधिक गिरफ्तारी करने तथा जनता से अच्छा व्यवहार कर जनपद में पुलिस की छवि एवं व्यवहार कुशल बनाए रखने आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत कार्यवाही करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गये। साथ ही आईजीआरएस प्रणाली के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा थाना कार्यालय एवं पेशी कार्यालय के अभिलेखों की स्थिति अद्यतन रखने, महिला अपराध संबंधी अभियोजन प्रक्रिया में व्यक्तिगत रुचि लेकर दोषियों को सजा दिलवाए जाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब व मादक पदार्थ बिक्री की रोकथाम के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान विशेषकर मिशन शक्ति अभियान की भी समीक्षा की गई तथा इसमें शासन की मनसा अनुरूप कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए तथा जनपद बुलन्दशहर में महिला शक्ति अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्बंधित कर्मचारीगणों को प्रशस्ति पत्र दिए गये।





## ध्वजारोहण और मशाल जला कर विधिवत रूप से खेल प्रतियोगिता की शुरूआत की गई

**आज का मुददा बुलन्दशहर (त्रिलोक चन्द) :** बेसिक शिक्षा विभाग जनपद बुलंदशहर की 41वीं जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम वर्ष 2024 का भव्य शुभारंभ दिनांक 17 दिसंबर 2024 को यमुनापुरम स्टेडियम में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, एवं प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सामूहिक रुप से सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तदोपरांत ध्वजारोहण और मशाल जला कर विधिवत रूप से खेल प्रतियोगिता की शुरूआत की गई।

परिषदीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय व स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को सलामी दी गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी बच्चों को पूर्ण सुचिता व पारदर्शिता के साथ खेल भावना को बढ़ाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के बीच में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ, जिला विकास अधिकारी द्वारा स्काउट गाइड के कैंपों का निरीक्षण भी किया गया।

आज हुई प्रतियोगिताओं में 50 मीटर दौड़ में शिवम स्याना ब्लॉक से, 100 मीटर दौड़ में बुलंदशहर ब्लॉक से मोहम्मद शाद, 200 मीटर दौड़ में बुलंदशहर ब्लॉक से अमन और 400 मीटर दौड़ में जहांगीराबाद ब्लॉक से कारण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत पांडे के साथ जनपद के समस्त विकास खण्डों के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।





## मलागढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिंक ओ आर एस कार्नर का हुआ शुभारंभ





इमरान सैफी बुलंदशहर

जनपद बुलंदशहर ब्लॉक मालागढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जागरण पहला एवं रैकेट इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में ब्लॉक मलागढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जिंक ओ आर एस कार्नर का शुभारंभ आज दिनांक 17 दिसंबर 2024 को पीएचसी ग्राम मालागढ पर डायरिया नेट जीरो के अभियान के तहत जिंक ओ आर एस कॉर्नर की स्थापना की गई इस पहल का शुभारंभ ग्राम एम ओ आई सी सर डॉक्टर शाह आलम और ग्राम प्रधान जगजीवनजी के कर काम लो द्वारा द्वारा फीता काटकर किया गया ,कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने डिटॉल साबुन के जिंक की गोलियां और ओआरएस पैकेट वितरित किए गए डॉक्टर शाह आलम साहब ने बताया कि डायरिया के दौरान खनिज पदार्थ की कमी हो जाती है जिससे निर्जलीकरण का खतरा हो जाता है ऐसे में ओ आर एस शरीर में खाए हुए तरल पदार्थ की पूर्ति करता है,और निर्जीकरण को रोकने में सहायक होता है जिंक के सेवन से रोगों प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है जिला समन्वयक मेहदी रजा और ब्लॉक समन्वयक असलम रजा ने दी डायरिया के दौरान जिंक और ओ आर एस का उपयोग बताया बच्चों को निर्जीकरण से बचाने और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है इसके बारे में अच्छी प्रकार से सबको बताया और समझाया जिंक ओआरएस कॉर्नर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर शाह आलम ग्राम प्रधान जगजीवन बीएमसी रुखसार यूनुस बीएएम सचिन बंसल एम ओ हिरदेश सुमन निखिल स्ट जितेंद्र राणा आईटी सोनम बीएमसी निशा एस एम ओ आर एस घोल बनाने की विधि भी बताई गई जरूरतमंदों को मुफ्त में ओआरएस और जिंक गोलियां उपलब्ध कराई जाएगी ,डायरिया के मामलों को शून्य तक लाना और बच्चों की स्वास्थ्य में सुधार करना है इस कार्यक्रम मै गौरी शंकर मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, फिरोज मलिक खुर्जा भी शामिल थे डायारिया नेट जीरो ( डीएनजेड ) की टीम में जीडी नीलम चौहान और जीडी पूजा चौधरी का भी अच्छा सहयोग रहा!

## जिला पंचायत सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया





**आज का मुद्दा (आशीष कुमार)** बुलन्दशहर। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। पेंशनर दिवस में पेंशनरों की जिला स्तर की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण करने व शासन स्तर की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण हेतु शासन को पत्राचार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने समस्त विभागाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि पेंशनरों की विभागीय समस्याओं का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण करे, जिससे पेंशनरों को पूर्ण लाभ मिल सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित संगठनो द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ अनिल कुमार यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में कांस्टेबल की मौत

**आज का मुददा-बुलंदशहर :** स्याना कोतवाली क्षेत्र में बाइक पर सवार होकर जा रहे कांस्टेबल को टेंपो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में कांस्टेबल को उपचार के लिए सीएचसी में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बिजनौर निवासी रविकांत पुत्र घनश्याम निवासी स्याऊ चांदपुर कांस्टेबल के पद पर डायल 112 पर तैनात था। जिसकी ड्यूटी आगरा में लगी हुई थी । देर रात वह बाइक पर सवार होकर बुलंदशहर रोड पर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार से आए अनियंत्रित टेंपो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गया। हुए हादसे के बाद घायल को उपचार के लिए अस्पताल में ले जाया गया था। जहां सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई थी। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने घायल सिपाही को मृत घोषित कर दिया।



**सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस**

सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि उक्त टेंपो चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जा रही है। मृतक कांस्टेबल के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उधर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक कांस्टेबल के परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। पुलिस टेंपो चालक के खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई है।

## स्याना के मेन बाजार स्थित किराना की दुकान से हजारों की नगदी व डीवीआर चोरी कर ले गए चोर, जांच में जुटी पुलिस





**बुलंदशहर :** स्याना नगर के मेन बाजार स्थित किराना की दुकान से चोर गल्ले में रखें हजारों रुपए की नगदी व डीवीआर चोरी कर ले गए। वहीं सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर निवासी अरविंद रस्तोगी मेन बाजार में किराना की दुकान करते हैं। वहीं दुकान के ऊपरी हिस्से में परिवार के साथ रहते हैं। रस्तोगी ने बताया कि बीते दो दिन से वह दुकान बंद कर परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। मंगलवार की सुबह रस्तोगी परिवार के साथ घर पहुंचे। रस्तोगी ने जैसे ही दुकान का शटर उठाया तो सामान फैला देख होश उड़ गए। रस्तोगी ने बताया कि छत पर जीने का दरवाजा तोड़ चोर दुकान के अंदर घुसकर गल्ले में रखें लगभग पांच हजार रुपए व सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर चोरी कर ले गए। वहीं सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने भी मौके पर जांच पड़ताल की।

मेन बाजार में दुकान से चोरी होने पर व्यापारियों में दहशत......

मेन बाजार के बीचो-बीच दुकान से चोरी की घटना के बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल है। वहीं नगर के मेन बाजार में सुरक्षा को लेकर 24 घंटे पुलिस कर्मियों की तैनाती रहती है। लेकिन उसके बाद भी चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि पुलिस कर्मियों की तैनाती के बाद भी बेखौफ दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया।

## कमिश्नर व डीएम ने किसानों के साथ की वार्ता जल्द होंगे जेल से किसान रिहा



**आज का मुददा बुलंदशहर (त्रिलोक चन्द) :** किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत के द्वारा गौतम बुधनगर के आंदोलन के मद्देनजर 23 दिसंबर को सिसौली से कोई बड़ा ऐलान करने की घोषणा के तुरंत बाद गौतम बुध नगर का प्रशासन हरकत में आ गया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में संयुक्त किसान मोर्चा की कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मनीष वर्मा से सौहार्दपूर्ण वार्ता हुई।लगभग तीन घंटे तक चली वार्ता में प्रशासन की ओर से एडीएम प्रशासन मंगलेश दुबे व ओएसडी यमुना प्राधिकरण शैलेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि जेल में बंद किसानो की रिहाई की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, एक से दो दिन में सभी किसान जेल से बाहर आ जाएँगे। आंदोलन के दौरान किसानों की जब्त गाड़ियों व ट्रैक्टरों को भी तुरंत प्रभाव से छोड़ने का आदेश दिया। कमिश्नर एवं डीएम ने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्दी ही किसानों की मांगों दस प्रतिशत प्लॉट एवं 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की शासन स्तर पर बातचीत आरंभ करायी जाएगी।बातचीत के द्वारा ही उक्त समस्याओं का हल निकाला जाएगा। वार्ता बहुत ही शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई।

मीटिंग से बाहर निकलकर संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल में शामिल चौ0 पवन तेवतिया बताया कि चौ0 टिकैत साहब के द्वारा 23 दिसंबर से पहले संयुक मोर्चा के द्वारा किसी भी तरह के धरना प्रदर्शन की कोई भी घोषणा नहीं की गई है और ना ही ऐसी कोई योजना है। यदि कोई भी व्यक्ति या संगठन इस तरह का कोई आंदोलन या प्रदर्शन करता है तो यह उसका व्यक्तिगत निर्णय होगा तथा इसकी ज़िम्मेदारी स्वयं आंदोलन कर्ता की होगी। संयुक्त किसान मोर्चा इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जनपदीय क्रय समिति की बैठक



**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा**

बहराइच 17 दिसम्बर। बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 136 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी तथा वर्ष 2024-25 में 85 आंगनबाड़ी तथा 06 पी.एम. श्री विद्यालयों हेतु आउट डोर प्ले मटेरियल अन्तर्गत स्लाइड, सी-सॉ, स्विंग, राउण्ड एबाउट तथा टू सीटर रॉकिंग बोट की स्थापना हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जनपदीय क्रय समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि प्री-प्राइमरी के बच्चों हेतु आउट डोर प्ले मटेरियरल की सामाग्री का क्रय किये जाने हेतु राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित मानक, विशिष्टियों, नियम एवं शर्तें तथा दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए निविदा की नियम एवं शर्तें तैयार कर जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय की जाये। साथ ही फर्म द्वारा विलम्ब से सामग्री आपूर्ति कराये जाने पर कटौती का उल्लेख भी सम्मिलित किया जाये। डीएम ने निर्देश दिया कि परियोजना द्वारा प्रेषित विद्यालयों की सूची का सत्यापन सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अवश्य कराया जाये कि उक्त सामग्री के इंस्टालेशन हेतु विद्यालय में प्रयाप्त जगह है अथवा नही। बैठक का संचालन सदस्य सचिव/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## गाजियाबाद में सोसायटी में हेलमेट पहनकर घूम रहे लोग, वजह भी है खास

**(अंकुरित ओझा) गाजियाबाद।** गाजियाबाद में राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एंक्लेव सोसायटी के निवासियों को इन दिनों अपने सिर की सलामती के लिए हेलमेट पहनने की आवश्यकता पड़ रही है। बताया गया कि सोसायटी में कुछ दिनों पहले एक फ्लैट की बालकनी से गमला गिरने के मामले में चोटिल होने से बाल-बाल बचे 72 वर्षीय वृद्ध दिनेश सिंह ने तो ये एहतियात बरतनी शुरू कर दी है। सुबह शाम घर से टहलने के लिए दिनेश सिंह हेलमेट पहनकर ही निकल रहे हैं। कुछ दिन पूर्व जब दिनेश सिंह सोसायटी में टहल रहे थे। तभी सोसायटी के एक टावर की बालकनी के बाहर रखा एक गमला आ गिरा था। इस घटना में दिनेश सिंह बाल-बाल बच गए थे। लेकिन आरडब्लूए ने इस मामले में कोई भी ध्यान नहीं दिया। दनेश सिंह ने बताया कि लोगों ने बालकनी से बाहर बिना तार से बंधे हुए गमले रख रखे हैं जो अचानक से गिर जाते हैं, जिससे जान को खतरा बना रहता है। इसीलिए वह हेलमेट पहनकर सुबह शाम घूमते हैं। वहीं, गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए के पूर्व महासचिव आर के गर्ग ने भी सभी निवासियों से अपने घरों के ऊपर बिना जाली लगे गमलों को हटाने की अपील की है। गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन स्थित देविका स्काइपर्स सोसायटी में सोमवार को वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बिल्डर से मेंटेनेंस हैंडओवर लेने की मांग उठाई गई। फ्लैट ओनर्स फेडरेशन के सचिव चंद्र प्रकाश गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए बताया कि अपार्टमेंट एक्ट 2010-2011 के अनुसार एओए के गठन के छह महीने के अंदर मेंटेनेंस हस्तांतरित आवश्यक रूप से करना होता है, उच्च न्यायालय द्वारा मेंटेनेंस हैंडओवर के आदेश पारित होने के बाद भी बिल्डर एओए को मेंटेनेंस का कार्य हैंडओवर नहीं दे रहा। जीडीए को इस विषय पर शिकायती पत्र दिया जा चुका है।

## 7 सीटर वैन में 14 बच्चे ठूंस रहे, कॉन्वेंट स्कूलों में नौनिहालों की सुरक्षा से खिलवाड़

**(के0जी0 शर्मा) लखनऊ।** परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने निर्देश दिया है कि मनमानी करने वाले स्कूली वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके लिए सघन अभियान चलाने के आदेश हैं, लेकिन अभियान का कितना डर वाहन चालकों में है, ये तस्वीरें बयां कर रही हैं। हजरतगंज जैसे क्षेत्र में स्कूली वाहनों में बच्चों को ठूंसकर बिठाया जा रहा है। अनफिट और कंडम गाड़ियों से धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है। इसके बाद भी चेकिंग अभियान में जुटा प्रवर्तन दस्ता इनको पकड़ नहीं पा रहा है। स्कूली वाहनों की मनमानी पर रोक लगा पाने में परिवहन विभाग का प्रवर्तन दस्ता नाकामयाब है। इसकी बानगी स्कूलों की छुट्टियों के समय देखने को मिल रही है। बड़ी संख्या में स्कूली वाहन ओवरलोडिंग कर रहे हैं। नियमों की धज्जियां उड़ाते इन स्कूली वैन के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

## 27 लाख बिजली कनेक्शन की जांच करेगा प्रॉपर्टी टैक्स विभाग, तगड़ा जुमार्ना वसूलने की भी तैयारी

**(के0जी0 शर्मा) नई दिल्ली।** प्रॉपर्टी टैक्स विभाग को बिजली कंपनियों ने करीब 27 लाख बिजली कनेक्शन का डेटा उपलब्ध कराया है। प्रॉपर्टी टैक्स विभाग बिजली कंपनियों से मिले डेटा को खंगालकर यह पता लगाएगा कि जिस प्रॉपर्टी पर बिजली मीटर लगा हुआ है, उससे एमसीडी को प्रॉपर्टी टैक्स मिल रहा है या नहीं। मसीडी अधिकारियों का कहना है कि पूरे डेटा की जांच करने के बाद जो भी प्रॉपर्टी मालिक प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भर रहे हैं, उससे प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाएगा, लेकिन इस प्रक्रिया में लंबा समय लगेगा। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में तीनों बिजली कंपनियों के उपभोक्ताओं की संख्या 70 लाख के करीब है। प्रॉपर्टी टैक्स विभाग को इस फाइनेंशल ईयर यानी 31 मार्च 2025 तक 3500 करोड़ का टारगेट मिला हुआ है। अब तक 1840 करोड़ की रिकवरी हो चुकी है। पिछले फाइनेंशल ईयर के मुकाबले इस साल 270 करोड़ की ज्यादा रिकवरी हुई है। प्रॉपर्टी टैक्स विभाग इससे काफी उत्साहित है।

## फेंसिंग काटकर दबंगों द्वारा प्लाट पर अवैध कब्जे का आरोप

**इमरान सैफी बुलंदशहर :** बुलन्दशहर कोतवाली नगर क्षेत्र में पुलिस मुख्यालय से महज दो सौ मीटर की दूरी पर कुछ दबंगों द्वारा एक खाली पड़े प्लाट पर कब्जा करने का मामला सामने आया है प्लाट स्वामी ने इसकी शिकायत पुलिस कप्तान से की है। बता दें कि कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी इरशाद अहमद ने एसएसपी श्लोक कुमार को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि उनका नगर के काला आम चौराहे डीएम रोड स्थित ब्रहमपुत्र कम्पलेक्स में एक प्लाट स्थित है जिसपर कुछ दबंग लोगों द्वारा कब्जा करने की कोशिश की जा रही है बीते माह 12 नवम्बर को शाम के 7 से 9 के बीच पीड़ित की अनुपस्थिति में मार्किट के कुछ दबंग लोगों द्वारा तारों की फेंसिंग को काटकर अवैध कब्जा करने की कोशिश की गई जिसकी सीसीटीवी फुटेज पीड़ित द्वारा जब देखी गई तो आरोपियों की पहचान हो गई पीड़ित इरशाद अहमद ने इसकी शिकायत जब पुलिस कप्तान श्लोक कुमार से की तो पुलिस कप्तान ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।



## बेटे की हत्या होने पर पिता ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**आज का मुद्दा-नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना दनकौर क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के पिता ने पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पिता का आरोप है कि घटना के डेढ़ महीने बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। मामले में आज तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पिता का कहना है कि वह थाना दनकौर के चक्कर लगा-लगाकर थक चुका है। जबकि पुलिस ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक मथुरा के रहने वाले महेश का कहना है कि 15 अगस्त 2024 को उनके 23 वर्षीय बेटे चंदन की गांव के ही चार लोगों ने थाना दनकौर क्षेत्र स्थित एक बिल्डर की साइट से धक्का देकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले को हादसा बताकर शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पीड़ित के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस अफसरों से की थी। जिसके बाद पुलिस ने घटना के डेढ़ महीने बाद चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। उनका आरोप है कि पुलिस आरोपियों को बचाने में जुटी है। पीड़ित के पिता का कहना है कि उनके बेटे की 15 अगस्त को हत्या कर दी गई थी। लेकिन आज तक पुलिस नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जिससे वे काफी परेशान हैं। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से करने की बात कही है। वहीं, इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पीड़ित के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर कैफे संचालक ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

नोएडा। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के महामेधा वाली गली स्थित एक साइबर कैफे संचालक ने मंगलवार सुबह अवैध तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 24 वर्षीय अमन भारद्वाज पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला था। अमन अपने परिवार के साथ कस्बा सूरजपुर में किराए के मकान में रहता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर एक सुसाइड नोट बरामद किया, जिसमें आत्महत्या का कारण निजी बताया गया है। अमन ने अपनी साइबर कैफे की दुकान में अवैध तमंचे से आत्महत्या कर ली।



**ड्राइविंग के क्षेत्र में दो तरह से कॅरियर बनाया जा सकता है। मसलन, आप स्वयं के व्यवसाय के स्वामी और चालक हो सकते हैं। इसके लिए आप ओला और उबर के तहत पंजीकृत कुछ टैक्सी प्राप्त करें और इस उद्योग के माध्यम से भी अच्छी कमाई करें।**

# कॅरियर के लिए अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है ड्राइविंग

ड्राइविंग एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें कॅरियर बनाने के बारे में शायद ही कोई युवा सोचता हो। यकीनन यह कोई फुल टाइम प्रोफेशन नहीं है लेकिन फिर भी अगर आप इसे एक कॅरियर या व्यवसाय के रूप में देखते हैं तो इसमें भी आपके विकास की अपार संभावनाएं मौजूद है। यह उन लोगों के लिए एक अच्छा कॅरियर ऑप्शन साबित हो सकता है, जो बहुत अधिक पढ़े-लिखे नहीं है, लेकिन फिर भी अच्छी आमदनी करके एक बेहतर जिन्दगी जीना चाहते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि ड्राइविंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाकर आप किस तरह अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं–

## ऐसे बनाएं कॅरियर

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि ड्राइविंग के क्षेत्र में दो तरह से कॅरियर बनाया जा सकता है। मसलन, आप स्वयं के व्यवसाय के स्वामी और चालक हो सकते हैं। इसके लिए आप ओला और उबर के तहत पंजीकृत कुछ टैक्सी प्राप्त करें और इस उद्योग के माध्यम से भी अच्छी कमाई करें। इसके अलावा अगर आपके पास पर्याप्त पैसा नहीं है तो इस स्थिति में आप कुछ ओला व उबर आदि में बतौर कार चालक अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

## योग्यता


यह एक ऐसा क्षेत्र नहीं है, जिसके लिए किसी खास प्रोफेशनल डिग्री की आवश्यकता हो। आपको बस एक वाणिज्यिक ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता है और फिर कई ड्राइविंग स्कूल हैं जो आपको अपने आसपास के क्षेत्र में मिलेंगे। आप वहां से ड्राइविंग का प्रशिक्षण ले सकते हैं।

## जरूरी स्किल्स

अगर आप सच में अपने कॅरियर को ग्रोथ देना चाहते हैं तो इसके लिए आपमें कुछ स्किल्स का होना बेहद आवश्यक है। सबसे पहले तो आपको बेहद अच्छी तरह से कार ड्राइव करनी आनी चाहिए। यह आपके कॅरियर के लिए सबसे पहली और जरूरी शर्त है। इसके अलावा आप जिस शहर में हैं, वहां की सड़कों की आपको अच्छी जानकारी होनी चाहिए। वैसे इन दिनों जीपीएस के जरिए भी रास्तों के बारे में पता लगाया जा सकता है। वहीं आपमें बेहतर कम्युनिकेशन स्किल होना भी बेहद आवश्यक है। सारा दिन आपकी गाड़ी में कई कस्टमर आएंगे, आपका उनके प्रति व्यवहार कैसा होगा, इस पर काफी कुछ निर्भर करता है।

## संभावनाएं

इस क्षेत्र में कॅरियर ग्रोथ काफी अच्छी है। सबसे पहले तो आप ओला व उबर के अलावा कई ड्राइविंग कंपनियों में बतौर ड्राइवर काम कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो ड्राइविंग इंस्टीट्यूट में बतौर टेनर भी काम कर सकते हैं और दूसरे लोगों को कार चलाना सिखा सकते हैं। इसके अलावा कुछ लोगों को पर्सनल कार ड्राइवर की जरूरत होती है, आप उनके लिए भी काम कर सकते हैं। वहीं खुद भी कार या टैक्सी लेकर उसे ड्राइव कर सकते हैं। इस तरह आप खुद ही मालिक बन सकते हैं।





**एक अच्छा मिक्सोलॉजिस्ट बनने के लिए अच्छा श्रोता होना व फ्रेंडली होना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा एक्यूरेसी, बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्गेनाइजेशन स्किल्स, एनर्जेटिक, फलेक्सिबिलिटी, टीमवर्क, व क्रिएटिविटी जैसे गुण आपके काम को आसान बनाते हैं।**

# लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो मिक्सोलॉजी में देख सकते हैं अपना कॅरियर

अगर आप उनमें से हैं, जिन्हें नौ से पांच की जॉब करना अच्छा नहीं लगता। आप अपनी लाइफ में लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो ऐसे में मिक्सोलॉजी के क्षेत्र में अपना कॅरियर देख सकते हैं। यह एक बेहद ही डिफरेंट कॅरियर ऑप्शन है। एक मिक्सोलॉजिस्ट एक व्यक्ति है जो कॉकटेल और मिश्रित पेय बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के मादक पेय और अन्य सामग्री को मिलाता है। आमतौर पर लोग मिक्सोलॉजिस्ट को बारटेंडर ही समझते हैं, लेकिन इनमें अंतर है। बारटेंडर केवल बार में होते हैं और केवल पहले से मौजूद डिंक्स को ही बनाते हैं। जबकि मिक्सोलॉजिस्ट कई नए तरह के कॉकटेल बनाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको इस कॅरियर के बारे में बता रहे हैं–

## क्या होता है काम

एक मिक्सोलॉजिस्ट का काम बारटेंडर की तुलना में अधिक विस्तृत होता है। वे कई तरह की डिंक्स को मिक्स करके एक नया पेय पदार्थ बनाने के अलावा, बार को आर्गेनाइज करना, कस्टमर्स को नए डिंक्स के बारे में बताना और उन्हें एंटरटेन करना, नए पेय पदार्थों का सुझाव देना और मेन्यू में कुछ नए पेय पदार्थों को शामिल करना होता है। यह एक ऐसी जॉब है, जिसमें आप हर दिन कुछ नए एक्सपेरिमेंट करते हैं और खुद को एक्सप्लोर करते हैं। हालांकि यहां पर काम के कोई निश्चित घंटे नहीं होते।

## स्किल्स

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि एक अच्छा मिक्सोलॉजिस्ट बनने के लिए अच्छा श्रोता होना व फ्रेंडली होना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा एक्यूरेसी, बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्गेनाइजेशन स्किल्स, एनर्जेटिक, फलेक्सिबिलिटी, टीमवर्क, व क्रिएटिविटी जैसे गुण आपके काम को आसान बनाते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए किसी निश्चित डिग्री का होना आवश्यक नहीं है। आपके स्वाद की समझ ही आपको आगे लेकर जाती है। हालांकि, ज्यादातर कंपनियां ऐसे मिक्सोलॉजिस्ट को पसंद करती हैं जिनके पास बारटेंडिंग लाइसेंस होता है। उम्मीदवार किसी भी कंपनी में अल्पकालिक भुगतान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## संभावनाएं

यकीनन यह एक अलग कॅरियर क्षेत्र है, लेकिन फिर भी अगर आप अपने काम में अच्छे हैं तो आपके पास काम की कोई कमी नहीं होने वाली है। आप बार या रेस्टोरेंट के अलावा, क्लब, पब, होटल, टैवर्न आदि में बेहद आसानी से काम कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ कंपनियां फूड एंड बेवरेज शो या फिर कई मार्केटिंग इवेंट्स में अपनी सर्विसेज देने के लिए भी मिक्सोलॉजिस्ट को हायर करती हैं। इस तरह के इवेंट्स में आप अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं।

## आमदनी

एक मिक्सोलॉजिस्ट की सालाना पूरी तरह से उस क्लब / रेस्तरां / बार पर निर्भर करेगा जिस पर वह काम कर रहा है। फिर भी शुरूआती दौर में आप दो से तीन लाख रूपए सालाना आसानी से कमा सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, लखनऊ
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कोलकाता
- इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, अहमदाबाद
- नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नोएडा
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, मुंबई
- इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमैंट कैटरिंग टैक्नोलॉजी– एप्लाईड नुट्रीसन, कोलकाता
- संटमेरी कॉलेज, बैंगलोर
- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, शिमला

# कैसे बनें लेखपाल? जानें योग्यता, एग्जाम पैटर्न, सैलरी व सभी जानकारी

लेखपाल राजस्व विभाग यानी रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करते हैं। लेखपाल को कुछ राज्यों में पटवारी, पटेल, कारनाम अधिकारी, शानबोगरु आदि नाम से जाना जाता है। यह एक सरकारी नौकरी है और इसमें जॉब सिक्योरिटी, पेंशन, पीएफ जैसे लाभ मिलते हैं।

आजकल अधिकतर युवा सरकारी नौकरी करना चाहते हैं। लेकिन सरकारी नौकरी पाना इतना आसान नहीं हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसी सरकारी नौकरी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरुरी नहीं है।

आज हम आपको बताएंगे कि आप लेखपाल कैसे बन सकते हैं –

लेखपाल राजस्व विभाग यानी रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अंतर्गत काम करते हैं। लेखपाल को कुछ राज्यों में पटवारी, पटेल, कारनाम अधिकारी, शानबोगरु आदि नाम से जाना जाता है। यह एक सरकारी नौकरी है और इसमें जॉब सिक्योरिटी, पेंशन, पीएफ जैसे लाभ मिलते हैं। आजकल युवाओं में इस पद की डिमांड बहुत ज्यादा है। लेखपाल बनने के लिए अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के साथ-साथ इंटरव्यू देना होता है।

लेखपाल दो तरह के होते हैं – राजस्व लेखपाल और चकबंदी लेखपाल। राजस्व लेखपाल आवासीय और व्यावसायिक जमीन से जुड़े काम देखते हैं और राजस्व लेखपाल आवासीय और व्यावसायिक जमीन से जुड़े काम देखते हैं।

## योग्यता

- आपको किसी भी स्ट्रीम से बारहवीं पास होना चाहिए। मिनिमम परसेंटेज की कोई शर्त नहीं होती।
- उम्मीदवार के पास कम्प्यूटर कोर्स का सर्टिफिकेट होना जरूरी है।

## आयु सीमा

लेखपाल बनने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष और 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जाती है।

## लेखपाल बनने की परीक्षा

लेखपाल बनने के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू ये दो चरण होते हैं। लिखित परीक्षा 100 नंबर की होती है। इसके लिए 90 मिनट दिए जाते हैं। इसमें माइनस मार्किंग नहीं होती। परीक्षा में हिन्दी, सामान्य ज्ञान, गणित और ग्राम समाज और विकास के प्रश्न पूछे जाते हैं। हर सेक्शन में 25-25 प्रश्न होते हैं। लेखपाल की परीक्षा के लिए सामान्य ज्ञान, हिंदी सामान्य गणित और सामाजिक जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। लिखित परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू दोनों को मिलाकर जो भी मार्क्स मिलते हैं उसी के आधार पर लेखपाल को चुना जाता है।

## सैलरी

एक लेखपाल की सैलरी 5200-20200 रूपए प्रतिमाह पे-ग्रेड के अनुसार होती है। लेखपाल एक क्लेरिकल पोस्ट है जो ग्रुप सी के अंतर्गत आती है।





# टिफिन सर्विस का बिजनेस शुरू कर कमा सकते हैं लाखों

**साफ-सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर-उधर नहीं गिरना चाहिए।**

कोरोनावायरस अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है और इस दौर में कई जमे जमाए बिजनेस और दूसरे प्रोफेशनों की कमर टूट चुकी है। कई लोगों की इस आपदा में नौकरी गई है तो कई लोगों का बिजनेस चौपट हुआ है। सबसे अधिक असर पड़ने वाली इंडस्ट्रीज में, फूड इंडस्ट्री पर निश्चित रूप से बड़ा असर पड़ा है। होटल, ढाबे जहां पर लोग इकट्ठे होकर खाना खाते थे, वहां बिजनेस जबरदस्त ढंग से प्रभावित हुआ है। पर लोगों की खाना खाने की जरूरतें तो कम नहीं हुई हैं, ऐसे में कई जगहों पर सुरक्षित टिफिन सर्विस एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आ सकता है। आइए देखते हैं इसकी कहां कहां और किस प्रकार उपयोगिता है और आप इसके जरिए किस प्रकार शुरुआत कर सकते हैं और किस प्रकार कमाई कर सकते हैं।

## कारोबार को समझना जरूरी

ध्यान रखने वाली बात यह है कि बिजनेस चाहे कोई भी हो, किंतु उसे समझना एवं प्रबंधित करने का ढंग आपको वास्तविक रुप से उसका फायदा दिलाता है। अगर आप किसी बिजनेस को ठीक ढंग से मैनेज कर पाते हैं तो भारी मुनाफा और अच्छी क्रेडिबिलिटी हासिल कर सकते हैं। आखिर यूं ही तो आईआईएम से बड़े संस्थानों से निकले लोग सब्जी बेचकर या कोई छोटा मोटा रोजगार करके, या फिर खेती करके लाखों नहीं कमाते हैं? उनके कमाने के उदाहरणों से प्रबंधन के गुणों को सीखना जरूरी है।

कारोबार को प्रबंधित करने से पहले कारोबार को समझना और ग्राउंड वर्क करना जरूरी है। आप जिस भी क्षेत्र में रहते हों, आस पास अगर कोई टिफिन सर्विस चलती है तो उसके पास खुद एक ग्राहक बनकर जाएँ और देखें कि वहां पर किस प्रकार से आपको टिफिन दी जाती है, उसके रेट क्या है, सब्जी इत्यादि की वैरायटी क्या है, अलग-अलग दिनों में वेज और नॉनवेज का कॉम्बिनेशन क्या है? इतना ही नहीं, खाने की क्वालिटी कैसी है, डिलीवरी की टाइमिंग इत्यादि किस प्रकार से मैनेज किया जाता है, इन सब बातों को जब एक ग्राहक के तौर पर समझने की कोशिश करेंगे, तो आपको इसकी बारीकियां समझ आ जायेंगी।

## कस्टमर मैनेजमेंट और मार्केटिंग

यह एक बेहद महत्वपूर्ण फैक्टर है। जब आप एक कारोबार को समझ लेते हैं और ग्राउंड वर्क कर लेते हैं तो आपके सामने बड़ी चुनौती आती है कि कस्टमर आप किस प्रकार से ढूंढें? तो इसके लिए आपको एडवर्टाइजमेंट करना पड़ेगा। इसके लिए आप खुद कैनवा जैसी ऑनलाइन सर्विस का प्रयोग करके अपनी टिफिन सर्विस का बैनर बना लें और व्हाट्सएप पर शेयर करें, खासकर उन कांटेक्ट में, जिस एरिया में आप बिजनेस करना चाहते हैं। शुरुआत में अगर आप के जानकार और आपके परिचित पहले ग्राहक बनते हैं, तो यह सबसे उत्तम होगा। एक तो ऑलरेडी वह आपको जानते हैं और दूसरे शुरू में विश्वास बनाने में आपको आसानी हो जाएगी। यह कार्य व्हाट्सएप पर आप आसानी से कर लेंगे, किंतु सिर्फ जानकारों में आप यह कार्य बढ़ा नहीं पाएंगे। कारोबार बढाने के लिए आपको पंपलेट छपवाने पड़ेंगे और आसपास के एरिया में डिस्ट्रीब्यूटर करना पड़ेगा। वह हॉस्टल हो सकता है, कंपनी हो सकती है, या कोई लोकलिटी हो सकती है। कस्टमर जब आपके बनने लगेंगे, तो उसको प्रबंधित करने में और क्वालिटी देने में आप चूक ना करें। ध्यान रखें, यह 21वीं सदी है और यहां पर जितनी बेहतरीन क्वालिटी और सर्विस आप देंगे, आपके ग्रो करने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। कम लागत के लिए पहले एकाध कस्टमर से ही शुरू करें, और अनुभव के साथ महीने बाद कारोबार को गति दें।

ध्यान रहे कि यह बिजनेस ना केवल शहर में, बल्कि छोटे-छोटे कस्बों और यहां तक कि गांव तक में चलने लगा है। गांव में कई घरों में बुजुर्ग व्यक्ति होते हैं, जो अकेले होते हैं। उनके बच्चे दूर शहरों में रोजी रोटी के लिए गए होते हैं, तो उनके लिए भी यह बेहद उपयोगी सर्विस है। ऐसे में निश्चित रूप से आपको इससे पुण्य और पैसा दोनों मिल सकता है।

### कुछ महत्वपूर्ण बातें

- साफ-सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर-उधर नहीं गिरना चाहिए।
- मेन्यू अपडेट करते रहें। साथ ही ध्यान रखें कि स्वाद के चक्कर में ऐसा नहीं होना चाहिए कि कस्टमर के हेल्थ से समझौता हो जाए। कल्पना करें कि अगर कोई खाना खाने के बाद कस्टमर का पेट खराब हो जाता है या उसे अन हेल्दी फील होता है तो आप अपने ग्राहक खो देंगे। हां! स्वाद के लिए अपने मैन्यू में आप कोई मिठाई या दूसरी चीजें अपडेट करते रह सकते हैं।
- कस्टमर के फीडबैक के आधार पर किसी दिन उसकी पसंद का मैन्यू जरूर बना सकते हैं। त्यौहार इत्यादि के दिन पूरी या ऐसी दूसरी लोकल डिश कस्टमर को टेस्ट करा सकते हैं, पर यह कस्टमर के फीडबैक के आधार पर ही होना चाहिए।
- समय का पालन बहुत जरूरी है। अगर सुबह ब्रेकफास्ट 8 :00 बजे पहुंचाते हैं, तो यह किसी हालत में 8 से लेट नहीं होना चाहिए, बहुत पहले भी नहीं होना चाहिए। समय पर डिलीवरी आपके बारे में एक बेहतरीन राय कायम करेगी। अगर किसी कारण वश देरी होने की सम्भावना है तो व्हाट्सअप या कॉल पर कस्टमर को अपडेट जरूर कर दें।

# मेरठ महोत्सव की तैयारियो के संबंध में जिलाधिकारी ने किया भामाशाह पार्क का स्थलीय निरीक्षण

**आज का मुद्दा-मेरठ :** मेरठ महोत्सव के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा विक्टोरिया पार्क (भामाशाह पार्क) का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेरठ महोत्सव की तैयारी को समग्रता से पूर्ण करें। आयोजन स्थल की तैयारी के अंतर्गत सडक मरम्मत, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेंटिंग, फूड कोर्ट, वीआईपी गैलरी, स्टेज शो प्रोग्राम, आगमन व प्रस्थान गेट, क्रिकेट ग्राउंड, मैराथन, इंटरनेट कनेक्शन, नियमित पानी की सुचारू व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, परमिशन, ओडीओपी स्टॉल, सुरक्षा व्यवस्था, मंच इत्यादि तैयारियो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा विकास भवन सभागार में मेरठ महोत्सव की तैयारियो के संबंध में समस्त नोडल अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में पास वितरण, स्टार्टअप संवाद, वर्कशाप, कैरियर कॉन्क्लेव, शिक्षा विभाग, आर्ट फेस्टिवल ऐरेना, मेरठ शापिंग फेस्टिवल, ब्रासबैंड प्रतियोगिता, मैराथन, फूड कोर्ट, पेटिंग डेकोरेशन, सेल्फी पाइंट, पार्किंग, सीसीटीवी व अग्निशमन से संबंधित नोडल अधिकारियो द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुये सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।



जिलाधिकारी द्वारा सरकारी योजनाओ से संबंधित मॉडल बनाने तथा उनके प्रचार-प्रसार से संबंधित स्टॉल लगाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होने संबंधित अधिकारी को मेरठ महोत्सव के प्रचार-प्रसार के लिए शहर के प्रमुख स्थानो पर होर्डिंग लगाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि महोत्सव स्थल पर खाद्य पदार्थो में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न किया जाये।

इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, मुख्य कोषाधिकारी वरूण खरे, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, अपर नगर आयुक्त ममता मालवीय, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, महोत्सव क्यूरेटर गौरव गर्ग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीडीओने मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं कंपोजिट विद्यालय कपूरपुर डोमा टीकरी का किया गया औचक निरीक्षण

**आज का मुद्दा-हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने मंगलवार कोविकासखंड धौलानाकेग्राम कपूरपुर में मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का स्थलीयनिरीक्षणकिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यों मेंगुणवत्ता एवं ग्रामके अंदर स्थापित सभी तालाबों का सौंदर्यकरण कराने हेतुसंबंधितकोआवश्यकदिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जोभी कार्य कराए जा रहे हैंउसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारीद्वारा कपूरपुर के कंपोजिट विद्यालयका भी निरीक्षण किया गया। उन्होंनेसंबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुएकहा कि बच्चों को दी जा रही शिक्षाकीगुणवत्ता को भी परखा जाए और बच्चोंको खेल के माध्यम से शिक्षा के महत्वको समझाया जाए। मुख्य विकास अधिकारीद्वारा कंपोजिट विद्यालयों के बच्चोंसे किताबो को पढ़वा कर शिक्षा कीगुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान खंडविकास अधिकारी एवं संबंधितक्षेत्र के ग्राम प्रधान तथा कंपोजिट विद्यालय केप्रधानाचार्य व अध्यापकउपस्थित रहे।



## महिला सशक्तिकरण के मूल उद्देश्यो को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश



**आज का मुद्दा-हापुड़।** पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुंवर ज्ञानजय सिंह ने जनपद के विभिन्न थानों मेंतैनात एंटी रोमियो टीम व महिला बीट कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें मिशनशक्ति अभियान व महिला सशक्तिकरण के मूल उद्देश्यों को और अधिक प्रभावीबनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चेतावनी दी कि कार्य में किसी तरह कीलापरवाही बर्दाशत नहीं है। पुलिस कार्यालय के सभागार में एसपी कुंवरज्ञानजय सिंह ने विभिन्न थानों में तैनात एंटी रोमियो टीम व महिला बीटकर्मियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देशित किया कि मिशन शक्तिअभियान के तहत महिलाओं, छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। चौपाल लगाकरछात्राओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के लिए सुरक्षा जागरूकता किया जाए। महिलाओं के अधिकारों, विभिन्नहेल्पलाइन नंबरों, महिला हेल्प डेस्क, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112,वुमैनपावर लाइन-1090 व आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड़ टच, बैड टच एवं सरकार कीकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए। महिलाओं कीसमस्याओं का गुणवत्ता के साथ समय से निस्तारण करें। इस बैठक में सीओ स्तुतिसिंह विभिन्न थानों में तैनात एंटी रोमियो टीम व महिला बीट कर्मी मौजूदथे।


## श्री रामचरितमानस में संसार की सभी समस्याओ का समाधान- पं. रोहित रिछारिया





**आज का मुद्दा-हापुड़।** श्री बाला जी धाम अछेजा पुल हापुड़ मे चल रही भव्य श्री राम कथा मे चतुर्थ दिवस की कथा श्रवण कराते हुए बागेश्वर धाम सरकार के मुख्य अंग सेवक परम आदरणीय कथा व्यास पं रोहित आचार्य जी महाराज ने बताया की ब्रह्मा जी के अवतार महर्षि वाल्मीकि जी हुए व बाल्मिक जी के ही अवतार गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज हुए जिन्होंने संपूर्ण श्री रामचरितमानस हिंदी में लेखन किया गोस्वामी तुलसीदास जी ने विचार किया कि कलयुग में लोगों की समझ में संस्कृत भाषा जल्दी नहीं आएगी मंदबुद्धि के लोग होंगे आलसी होंगे इसलिए उन्होंने हम जैसे लोगों के उद्धार के लिए श्री रामचरितमानस का हिंदी में लेखन किया और इस संसार की सारी समस्याओं का समाधान रामचरितमानस में है राम कथा श्रवण कराते हुए बताया कि जब इस पृथ्वी पर ज्यादा अत्याचार पापचार दुराचार भ्रष्टाचार बढ़ता है तो भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं भगवान के 24 अवतार बताए हैं उनमें से एक अवतार अभी संबलपुर नगर में विष्णु यश ब्राह्मण के यहां कलकी रूप में होगा और धर धर्म की स्थापना करेंगे, इसी बीच आज चतुर्थ दिवस की कथा मे भगवान श्री राम चंद्र जी का प्राकट्य उत्सव बड़े ही धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर माहौल पूर्णतया राममय होगया,इस अवसर पर स्वामी अशोकाचार्य जी महाराज व स्वामी यशवर्धनाचार्य जी महाराज ने व्यास पीठ का पूजन कर चतुर्थ दिवस की कथा का शुभारंभ किया, इस अवसर पर प्रिंस गोयल, आरती गोयल, नेहा गोयल, मोहित गोयल, कपिल, सतीश चन्द्र, हर्ष शर्मा, अनिता गोयल, सुशील शर्मा, अरविंद शर्मा, योगेंद्र सहित सैकडो की संख्या मे भक्त मौजूद रहे।

## पुलिस ने कांग्रेस नेताओ को किया नजरबंद



हापुड़ ।बुधवार को लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने की घोषणा करने वालीकांग्रेसके नेताओं को मंगलवार को पुलिस ने नजरबंद कर लिया। पुलिस ने कांग्रेसपार्टी के जिलाध्यक्ष और नगराध्यक्ष को उनके ही घर में नजरबंद कर दिया ।कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मिथुन सुबोध त्यागी ने बताया कि पार्टी केपदाधिकारी औरकार्यकर्ता का वरिष्ठ पदाधिकारियों के निर्देश पर बुधवार कोविधानसभा के घेरावका कार्यक्रम है। इसे हर हाल में सफल बनाया जाएगा। काफीसंख्या में कार्यकर्तालखनऊ पहुंचेंगे ।कांग्रेस के नगराध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया कि बुधवार कोपार्टी केशीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर लखनऊ में विधानसभा के घेराव का कार्यक्रमनिर्धारित था। पार्टी के पदाधिकारियों को रोकने के लिए पुलिस नेपदाधिकारियोंको घर में ही नजरबंद करने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंनेबताया कि कांग्रेसके घेराव करने की योजना से प्रदेश सरकार भयभीत हो चुकीहै। इसलिए सरकारके निर्देश पर पार्टी के पदाधिकारियों को घर में नजरबंदकरने का काम किया जारहा है। सरकार की इस योजना से कांग्रेस पार्टी केपदाधिकारी डरने वाले नहीं हैं ।पार्टी के पदाधिकारी लखनऊ में अधिक से अधिकसंख्या में पहुंचेंगे।

## पार्क में कुत्ते को शौच करने के विरोध पर सिपाही व उसकी पत्नी पर किया जानलेवा हमला



**आज का मुद्दा-हापुड़।** जनपद हापुड़ के थाना पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र की दिनेश नगर आवासीयकॉलोनी में थाना धौलाना में तैनात सिपाही वीकेंद्र कुमार पर हमला करने कामामला सामने आया है। इस दौरान पीट-पीटकर पुलिसकर्मी को लहू-लुहान करदियाऔर उसकी पत्नी के साथ भी अभद्रता की गई। पीड़ित सिपाही वीकेंद्र कुमारकीपत्नी को भी दबंगों ने जमकर पीटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले मेंमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही एक युवक को भी हिरासत मेंलियागया ।दिनेश नगर आवासीय कॉलोनी के टावर संख्या-23 स्थित फ्लैट मेंरहने वालेवीकेंद्र कुमार धौलाना थाने में सिपाही के पद पर तैनात है जो अपनीपत्नी, मां और बच्चे साथ रहते हैं। टावर के सामने पार्क है, मामला सोमवार कीदोपहरका है जब वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पार्क में बैठा हुआ था। इसबीचकॉलोनी का युवक अपने पालतू कुत्ते को पार्क में शौच कराने लगा जिसकाविरोधकरने पर दबंगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर सिपाही पर जानलेवाहमला करदिया। ईंट-पत्थर से उसके साथ मार पिटाई कर लहू-लुहान कर दियाजिससे सिपाहीबेहोश हो गया। वही उसका बचाव करने आई पत्नी के साथ भीमार पिटाई की। चीखपुकार सुनकर कॉलोनीवासी एकत्र हुए जिन्हें देखकर आरोपीमौके से फरार हो गए।पीड़ित पिलखुवा थाने पहुंचा और पुलिस को मामले सेअवगत कराया। पुलिस नेमुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मंडलायुक्त ने धीरखेड़ा का किया निरीक्षण, ए.पी.डी.ए. द्वारा कराए जा रहे सड़क एवं नाले के निर्माण कार्यो को देखा, दिये निर्देश

**आज का मुद्दा-हापुड़।** मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे द्वारा धीरखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया का निरीक्षण किया गया। जिसमें एचपीडीए द्वारा कराए जा रहे सड़क एवं नाले के निर्माण करायो को देखा गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। जानकारी के अनुसार आयुक्त सेल्वा कुमारी जे द्वारा औद्योगिक क्षेत्र धीरखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया का निरीक्षण किया गया। जिसमें एचपीडीए द्वारा बनाए जा रहे सड़के व नाले को देखा गया। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने का संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। यहां बड़ी



संख्या में भारी वाहनो का यहां आवागमन रहता है। इसे ध्यान में रखकर नाले पर रखे जाने वाले स्लैब को मजबूत बनाया जाए, ताकि भारी वाहनो के आवागमन से वह क्षतिग्रस्त न हो। इस कार्य में किसी तरह की भी लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एच.पी.डी.ए. के उपाध्यक्ष नितिन गौड़, जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 17 से 23 दिसंबर तक किसान गोष्ठी का आयोजन



**आज का मुद्दा-हापुड़।** राष्ट्रीय लोकदल हाई कमान के निर्देश पर 17 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक किसान गोष्ठी का आयोजन करेगा। इस अभियान के दौरान रालोदपदाधिकारी व कार्यकर्ता जनपद हापुड़ के शहरी व ग्रामीण इलाकों में भारतरत्न चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के विचारों से अवगत कराएंगे ।रालोद के प्रदेश सचिव प्रोफेसर अब्बास अली ने बताया कि इस दौरान अधिक सेअधिक लोगों व युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा और संगठन को मजबूत बनायाजाएगा। आपको बता दे कि राष्ट्रीय किसान दिवस पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 23 दिसंबर को मनाया जाता है। जिसके तहत इस दिन चौधरी चरण सिंह कीप्रतिमा पर हवन किया जाएगा औ़र माल्यार्पण किया जाएगा।

## नगर के बुगरासी रोड स्थित बनाई गई लाखों रुपए की कीमत से मिनी टयुबेल नगर वासियों को नहीं मिल रहा लाभ



**आज का मुद्दा (आशीष कुमार)**

बुलन्दशहर : स्याना नगर के बुगरासी रोड स्थित नगर पालिका परिषद स्याना के वार्ड 17 मे करीब 2 साल पूर्व लाखों रुपए की कीमत से बनी मिनी टयुबेल का निर्माण कराया गया था लेकिन अभी तक भी लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी नगर वासियों को उक्त टयुबेल का स्वच्छ जल नहीं मिल रहा है हालांकि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सेवाराम राजभर ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्य नगर पालिका द्वारा कराया गया था लेकिन कार्य पूर्ण ना होने के चलते अभी नगर पालिका के है हैंडोवर नहीं हुआ है तो वहीं नगर वासियों का कहना है कि आखिरकार कार्य की समय सीमा भी होती है अगर ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो नगर पालिका द्वारा कया कार्रवाई अमल में लाई गई उक्त कार्य को करने में खर्च हुई कीमत के बारे में जानकारी की गई तो पूर्ण जानकारी नहीं दी गई बस नगर पालिका ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया की फाइल निकाल कर जांच कराई जाएगी और उक्त मिनी टयुबेल को जल्द चलाने का कार्य कराया जाएगा नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहां की उक्त टयुबेल को जल्दी ही शुरू करा दी जाएंगी और नगर वासियों को स्वच्छ जल की व्यवस्था कराई जाएगी नगर पालिका की सभासद सरिता आर्य का कहना है कि नगर वासियों को स्वच्छ जल के लिए मिनी टयुबेल की स्थापना कराई गई थी जिससे नगर वासियों को स्वच्छ जल मिल सके उक्त मिनी टयुबेल को जल्द चालू करा कर नगर वासियों को स्वच्छ जल देने का कार्य किया जाएगा।

## अपराधी द्वारा अवैध रूप से अर्जित अचल संपत्ति को किया कुर्क



**आज का मुद्दा-हापुड़।** जनपद हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने मंगलवार को एकशातिर अपराधी द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई अचल संपत्ति को कुर्क करलिया। मेरठ में 93.65 वर्ग मीटर में बने दो मंजिला मकान को कुर्क किया गयाजिसकी कीमत करीब 38 लाख 21 हजार 818 रुपए बताई जा रही है। बहादुरगढ़ पुलिस ने बताया कि मुस्तकीम उर्फ आरिफ पुत्र कलुआ निवासीघुंघराला हाफिजपुर शातिर किस्म का अपराधी है जिसके द्वारा अवैध संसाधनों सेधन अर्जित कर मेरठ के थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन कॉलोनी मेंएक मकान बनाया गया जिस पर कुर्की की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे जब्तकर लिया। जिला मजिस्ट्रेट हापुड़ के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है ।मुस्तकीम के खिलाफ सिंभावली थाने में गैंगस्टर एक्ट से संबंधित दर्ज मुकदमेमें बहादुरगढ़ पुलिस ने मेरठ स्थित संपत्ति को जब्त किया है।

# पॉलिसी रिन्यूअल के नाम पर करते थे ठगी, 4 गिरफ्तार

**आज का मुद्दा-नोएडा।** सेक्टर 24 थाना पुलिस और साइबर सेल नोएडा की संयुक्त टीम ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है जो पीएनबी मेट लाइफ बीमा पॉलिसी रिन्यूअल का झांसा देकर लोगों से ठगी करते थे। इसमें एक महिला भी शामिल है। ये लोग सेक्टर-11 में कॉल सेंटर चला रहे थे। इनके कब्जे से 16 मोबाइल और बीमा पॉलिसी के 3 बंडल दस्तावेज बरामद हुए हैं। इनकी पहचान पंकज कुमार, कुशाग्र पांडे, राजपाल सिंह और राहुल यादव के रूप में हुई है। ये लोग अब 50 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके हैं। जिसमें 12 से 13 लोगों की पहचान हो चुकी है। ये लोग डार्क वेब या अन्य माध्यमों से पीएनबी मेट लाइफ बीमा धारकों की पॉलिसी की पूरी जानकारी रखते हैं। इसके बाद उन धारकों को पॉलिसी रिन्यूअल करने के लिए कॉल करते हैं। धारकों को फोन पर डिस्काउंट का लालच दिया जाता है। साथ ही कई लुभावने पैकेज और स्कीम बताई जाती हैं। इसके बाद भी अगर पॉलिसी धारक झांसे में नहीं आते तो उन्हें वसूली के नाम पर धमकाते हैं। जिससे पॉलिसी धारक झांसे में आ जाते हैं और अपने पैसे उनके द्वारा खोले गए खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। जब धारकों





ने पॉलिसी कंपनी में पूछताछ की तो पता चला कि उनकी पॉलिसी रिन्यू नहीं हुई है। ये लोग हमेशा दूर-दराज के राज्यों से लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। जिसमें महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु आदि शामिल हैं। ये लोग एक जगह पर ज्यादा समय तक नहीं रुकते थे। ये अलग-अलग जगहों पर कमरे किराए पर लेकर इस तरह की गतिविधियों को अंजाम देते थे।पूछताछ में बताया कि ये लोग अधिकृत कॉल सेंटर वाले बनकर लोगों का निजी डेटा जुटाते थे। इसके बाद ये लोग खुद को बीमा लोकपाल बताकर कॉल करते थे। इससे पहले भी ये लोग कोटक महिंद्रा बैंक समेत कई बीमा संबंधी कंपनियों में काम कर चुके हैं। जिससे इन्हें बीमा पॉलिसियों के बारे में अच्छी जानकारी थी। हमारे पास लोगों का निजी डेटा भी था। जिससे हम लोगों की बीमा पॉलिसी बंद करने, उसे रिन्यू करवाने और अच्छा रिफंड दिलाने के नाम पर आवेदन लेते थे। ये लोग सरकारी खर्च के नाम पर उन लोगों से पैसे ट्रांसफर कर लेते थे। आरोपियों के पास से 1300 से ज्यादा फॉर्म मिले हैं। इसमें लोगों के डेटा और इंश्योरेंस पॉलिसी की जानकारी थी। ये लोग पॉलिसी रिन्यूअल के नाम पर कुल रकम का 30 से 35 फीसदी हिस्सा लेते थे। इनकी ठगी से सबसे ज्यादा प्रभावित वो लोग होते थे जिनकी पॉलिसी शुरू हो चुकी थी और दो से तीन किस्त जमा करने के बाद वो पैसे जमा नहीं करते थे। ये लोग आसानी से ठगी का शिकार हो जाते थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत, मौके पर ही तोड़ा दम

नारनौल। नारनौल के नांगल चौधरी में सोमवार शाम पनियाला मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई। राजस्थान पुलिस ने मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोटपूतली के मोहल्ला रामनगर निवासी मृतक 31 वर्षीय सुनील कुमार के चचेरे भाई ने बताया कि सुनील ने जयपुर से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। इसके बाद दो साल उसने एक निजी कंपनी में काम किया था, लेकिन वह अपना खुद का काम करना चाहता था, इसके बाद उसने नौकरी छोड़ कर कोटपूतली में अपनी एक दुकान कर ली। इसी सिलसिले में वह अपने क्लाइंट से मिलने के लिए नांगल चौधरी सहित अन्य जगहों पर आता जाता रहता था। सोमवार को करीब 12 बजे वह अपनी बाइक से नांगल चौधरी आया था। यहां पर शाम को अपना काम निपटा लेने के बाद वह वापस अपने घर की ओर आ रहा था। जहां रास्ते में करीब 6 बजे पनियाला मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन के चालक ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

## हरियाणा के इस जिले में ठंड ने तोड़ा 10 साल का रिकॉर्ड, ठंडी हवाओं ने लोगों को जकड़ा



रेवाड़ी। हरियाणा के रेवाड़ी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सोमवार को न्यूनतम तापमान ने पिछले 10 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पिछले 10 सालों में 16 दिसंबर को सबसे कम 2 डिग्री सेल्सियस तापमान सोमवार को दर्ज किया गया है। पूरे दिन धूप तो निकली, मगर ठंडी हवाओं ने लोगों को जकड़ कर रखा। पूरे दिन ठंडी हवाएं चलती रही। पहाड़ी क्षेत्रों से चल रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी इलाकों में शीतलहर बढ़ गई है। इस वजह से दिन में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिन में हवा चलने से नमी भी नदारद है और सुबह के समय कोहरा भी नहीं पड़ रहा है। हवा के शांत होने पर ही सुबह के समय कोहरा छा सकता है। अभी सुबह-शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिले में दिन और रात के न्यूनतम तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार हवा की दिशा में थोड़ा बदलाव होगा। अभी उत्तरी हवा चल रही है और उसके बाद से उत्तर-पश्चिम होने की संभावना है। 17 दिसंबर को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से संपूर्ण इलाके में तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। गेहूं की फसल में इससे फुटाव बेहतर होगा। इस समय दोनों ही फसल अच्छी है। इस समय कोई रोग भी नहीं लगा है।

## जहरीली हुई हरियाणा के इस जिले की हवा, त्तह्व पहुंचा 300 पार



फरीदाबाद। हरियाणा में जहाँ लोगों को अभी ही प्रदूषण से राहत मिली थी वहीं एक बार फिर से हरियाणा के लोगों के लिए प्रदूषण कहर बन कर मंडराने लगा है। एक बार फिर से फरीदाबाद में जहरीली हवा का दौर शुरू हो गया है। जहाँ एक तरफ हरियाणा की जनता को कड़कती हुई ठंड का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पॉल्यूशन के चलते फरीदाबाद के लोगो गंभीर समस्याओं का भी सामने करना पड़ रहा है। फरीदाबाद में रहने वाले लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। सांस की बीमारियां, आंखों में जलन और दूसरी गंभीर समस्याएं लोगों के लिए आम हो गई है। जिस दौरान लोग इस जहरीली हवा से बचने का प्रयास कर रहे हैं उसी दौरान फरीदाबाद में एक बार फिर पॉल्यूशन का ग्राफ ऊपर की तरफ जाता जा रहा है। फरीदाबाद के अलग-अलग इलाको में एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार पहुँच चुका है।

## लहूलुहान हालत मे व्यक्ति विधायक रणधीर पनिहार की कोठी में घुसा, पूरा मामला जान उड़ जाएंगे होश

हिसार। कुछ युवकों ने सैनियान मोहल्ला निवासी स्कूटी सवार युवक सचिन को छुरियों से हमला कर घायल कर दिया। हमलावरों ने उसके कूल्हे, हाथ और एक कान पर वार किए। घायल युवक ने भागकर एम.एल.ए. रणधीर पनिहार की कोठी में घुसकर जान बचाई। घायल युवक का कहना है कि हमलावर उसकी स्कूटी साथ ले गए। वह के मामले में अदालत में पेशी भुगतकर लौट रहा था। बाद में स्टाफ सदस्य उसे एंबुलैंस में सिविल अस्पताल लेकर आए। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। एमरजैंसी में उपचाराधीन सैनियान मोहल्ले के सचिन ने बताया कि वह तेलियान पुल के पास चिकन कॉर्नर चलाता है। झगड़े के एक मुकद्दमे में आज उसकी कोर्ट में पेशी थी। वह सुबह तीन दोस्तों के साथ अदालत में गया था। वह पेशी भुगतने के बाद स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहा था। वह पी.एल.ए. में पहुंचा तो 6- 7 युवकों ने स्कूटी रुकवा ली और झगड़ा करने लगे। यह देखकर तीनों दोस्त मौके से फरार हो गए। फिर झगड़ा करने वालों ने छुरी से वार कर दिए। उन्होंने कूल्हे, हाथ और कान पर वार किए गए। मैं किसी तरह खुद को छुड़वा भागकर एम.एल.ए. रणधीर पनिहार की कोठी में घुस गया। वहां मौजूद लोगों ने मेरे को संभाला और पुलिस को सूचना दी। बाद में स्टाफ सदस्य एंबुलैंस में मुझे अस्पताल में लेकर आए। हमलावरों ने मुझ पर छुरी से वार क्यों किए, मैं इस बारे में कुछ नहीं जानता। बाद में एम.एल.ए. की कोठी के पास उपस्थित लोगों ने बताया कि घायल युवक की हालत देखकर हमने मामले की सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि सूचना देने के काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक हमला करने वाले युवक मौके से फरार हो चुके थे। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हरियाणा की बेटी ने अफ्रीका में लहराया भारत का परचम, कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता पदक

अंबाला। दक्षिण अफ्रीका के डरबन में आयोजित 11वीं कॉमनवेल्थ कराटे चैंपियनशिप में हरियाणा के अंबाला जिले के मुलाना क्षेत्र की सिमरप्रीत कौर ने कराटे में कांस्य पदक हासिल कर देश का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में 19 देशों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। सिमरप्रीत ने अंडर-50 किलोग्राम वर्ग कराटे में भाग लेते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराया और कांस्य पदक पर कब्जा किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश का मान बढ़ा है। सिमरप्रीत की सफलता पर उनके गांव गोली की गुरुद्वारा सभा ने उनके भव्य स्वागत की तैयारी की। यह प्रदर्शन साबित करता है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी खेलों में विश्वस्तरीय प्रदर्शन कर सकती हैं।

# दादरी जिले के 9 गांवो ने बोर्ड लगाते हुए किये नशामुक्त घोषित, हरियाणा पुलिस का जताया आभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। प्रदेश भर में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान से जुड़ते हुए काफी संख्या में इस मुहिम का हिस्सा बन रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा उदाहरण जिला चरखी दादरी में देखने को मिला है।

जहां पर 9 गांवो की पंचायत ने इसे जन अभियान बनाते हुए अपने गांव को न केवल नशामुक्त किया बल्कि अपने गांव के बाहर इस बारे में बोर्ड भी लगाकर घोषित किया कि 'हमारा गांव नशामुक्त है'। इन ग्रामीणों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि वहां का कोई भी युवा नशे का शिकार ना हो और गांव में कहीं पर भी नशा ना ही खरीदा जाता हो और ना ही बेचा जाता हो। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने इस सराहनीय पहल के लिए चरखी दादरी के पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

चरखी दादरी में पड़ने वाले गांव जयश्री के सरपंच जितेंद्र कुमार ने हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू की गई नशामुक्ति की पहल की सराहना की और कहा कि यह एक अभूतपूर्व पहल है जिससे युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और जो लोग नशे की लत का शिकार हो गए हैं उनकी नशा छुड़वाने में मदद की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा गांव में आयोजित की जाने वाली खेल गतिविधियों से भी युवाओं को बड़े पैमाने पर लाभ हो रहा है और युवा बढ़-चढ़कर इनमें भाग लेते हैं। इस दौरान उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया जाता है।

गांव लाम्बा निवासी राम भगत ने अपने विचार रखते हुए कहा कि नशे से शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नशा हमारे समाज के लिए एक बड़ी समस्या है जिसे एक दूसरे के सहयोग से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने हरियाणा पुलिस द्वारा इस दिशा में किए गए कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार, गांव मिर्च निवासी संजीत ने कहा कि उनके गांव में पुलिस प्रशासन के सहयोग से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस के अधिकारियों तथा ग्राम प्रहरियों द्वारा समय-समय पर बैठकें की जाती है और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाता है।

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत 30 नवंबर 2024 तक 3084 गांव तथा 660 वार्डो को नशामुक्त घोषित किया गया है। इस प्रकार हरियाणा के 41.66 प्रतिशत गांव तथा 39.74 प्रतिशत वार्ड नशामुक्त हो गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए प्रदेश के प्रत्येक गांव तथा वार्ड में ग्राम प्रहरी व वार्ड प्रहरी तैनात किए गए हैं जो गांवों अथवा वार्डों में नशे संबंधी गतिविधियों पर नजर रखते हैं। इसके साथ ही, वे लोगों का नशा छुड़वाने में भी सहयोग करते हैं।

कपूर ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा बच्चों तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में खेल गतिविधियां भी आयोजित की जाती है। ये खेल गतिविधियां हरियाणा पुलिस द्वारा करवाई जाती हैं। हरियाणा में 1522 एसपीओ को तैनात किया गया हैं जिनकी देखरेख में खेल गतिविधियां करवाई जा रही हैं। इस दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित भी किया जाता है तथा उनके दुष्प्रभावों के बारे में बताया जाता है।

इन खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं की फिजिकल फिटनेस संबंधी प्रतियोगी




परीक्षाओं की भी तैयारी हो जाती है। इस दौरान उन्हें हरियाणा पुलिस में निकलने वाली भर्तियों के बारे में भी बताया जाता है ताकि वे इनके लिए आवेदन कर सकें। इन खेल गतिविधियों से अब तक हरियाणा प्रदेश के 227458 युवाओं को जोड़ा गया है। समय-समय पर इन युवाओं के लिए जिला स्तर की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती है ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहें।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि नशा हमारे समाज के लिए एक अभिशाप है। यह विशेषकर युवाओं के लिए एक बड़ी समस्या है जिसका शिकार होकर वे स्वयं के जीवन को विनाश के कगार पर ले जाते है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे नशे से ना केवल स्वयं को दूर रखें बल्कि अन्य लोगों को भी इससे दूर रखने के लिए प्रेरित करें।

## एक देश-एक चुनाव को लेकर किया जा रहा विरोध, ना तो देश और ना ही समाज के हित में है: विपुल गोयल

**चंडीगढ़।** एक देश-एक चुनाव को लेकर जहां विपक्ष की ओर से विरोध किया जा रहा है। वहीं, बीजेपी के नेता और मंत्री इसके फायदे बता रहे हैं। उड्डयन और शहरी निकाय विपुल गोयल ने कहा कि कांग्रेस की आदत है कि बिना किसी बात के हर मुद्दे पर विरोध किया जाए। विपुल गोयल ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दल की ओर से एक देश-एक चुनाव को लेकर किया जा रहा विरोध, ना तो देश और ना ही समाज के हित में है।

**सीएम 18 दिसंबर से पूरे हरियाणा में जनता दरबार लगाने जा रहे हैं: गोयल**

विपुल गोयल ने कहा कि सीएम 18 दिसंबर से पूरे हरियाणा में जनता दरबार लगाने जा रहे हैं, जोकि एक अतुलनीय और नई पहल है। लोगों को सस्ता न्याय मिलेगा और मुख्यमंत्री खुद जनता के बीच रहेंगे। इस मौके पर प्रशासनिक अमला भी साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर में हरियाणा के मंत्रियों का मुख्यमंत्री के साथ कई मुद्दों पर चिंतन हुआ। ऐसी भरोसेमंद पहले



केवल हरियाणा में ही या फिर भाजपा शासिसत सरकारों में ही देखने को मिलती है।

नायब सिंह सैनी सभी मंत्रियों से उनके इलाकों की समस्याओं और बड़े मुद्दों समेत आने वाले दिनों के रोड मैप पर खुली चर्चा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कामों की बदोलत लगातार तीसरी बार सरकार में आई है। पीएम नरेंद्र मोदी4 और अमित शाह के कुशल नेतृत्व में जनहितैषी किए गए कार्यों को देखते हुए लोगों ने भाजपा को सत्ता में लाने का तीसरी बार काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता और नेतृत्व वहान है। बिना पैंदे के लौटे की तरह से कांग्रेस चुनाव हारने के बाद केवल आरोप प्रत्यारोपण पर लगी हुई है, जबकि नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार आम जनता के लाभ के कामों को करने पर बल दे रही है।

**कांग्रेस एक परिवार की पार्टी**

प्रदेश के शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल का कहना है कि कांग्रेस एक परिवार और भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कांग्रेस 10 साल में अपने जिला अध्यक्ष तक नियुक्त नहीं कर सकी, विधानसभा में विपक्ष का नेता चुनना तो और भी दूर की बात है।

**संयम रखे किसान: विपुल**

किसान आंदोलन को लेकर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने किसानों से संयम रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मामला कोर्ट में है यहां तक की कोर्ट ने कमेटी भी बनाई हुई है। हरियाणा सरकार देश में सबसे ज्यादा एमएसपी देने वाला राज्य है। उन्होंने जल्द ही निकाय चुनाव होने की भी उम्मीद जताई है।

## ऐसा क्या कर दिया विधायक बलवान ने कि असहज हुई श्रुति चौधरी, धकेली बाजू



**फतेहाबाद।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश की महिला एवं बाल विकास एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने की। बैठक दौरान देखा गया कि फतेहाबाद के कांग्रेस के विधायक बलवान दौलतपुरिया ने उपायुक्त मनदीप कौर से बात करते हुए अपनी बाजू श्रुति चौधरी के आगे रखी टेबल पर रखी दी जिससे वह असहज हो गईं और उन्होंने तुरंत ही विधायक बलवान की बाजू को धकेल दिया।

इसी दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया और यह मामला चर्चा का विषय बन गया और बाद में यह - वीडियो वायरल हो गया। जब इस बारे में विधायक बलवान से बात की तो उन्होंने कहा कि श्रुति मेरी बेटी सामान है। गलती से टेबल पर हाथ रखा गया। ऐसा कुछ नहीं था। मेरे इस परिवार के साथ पुराने संबंध हैं।

गौर रहे कि मीटिंग के बाद श्रुति चौधरी ने मीडिया से बातचीत की और कहा कि आज उनके द्वारा 17 मामलों की सुनवाई की गई है और सात मामलों को डिस्पोज ऑफ किया गया है। श्रुति चौधरी ने किसान आंदोलन को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के प्रति प्रतिबद्ध है और प्रदेश में किसानों को फसलों पर एमएसपी दी जा रही है।जायज मांगों के लिए सरकार किसानों से बातचीत करने के लिए हमेशा तैयार है।

## संगठन नहीं बनने के कारण मिली कांग्रेस को चुनाव में हार: अशोक अरोड़ा

**चंडीगढ़।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार को लेकर जहां पार्टी की ओर से अब तक मंथन किया जा रहा है। वहीं, पार्टी के नेता भी अपने-अपने स्तर पर हार के कारणों का खुलासा कर रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक अरोड़ा ने हार के कारण बताते हुए कहा कि हरियाणा में पार्टी का संगठन नहीं होने से चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले कई सालों से कांग्रेस का संगठन नहीं बन पा रहा है। कांग्रेस की आला कमान को हरियाणा में कांग्रेस का संगठन तुरंत बनाना चाहिए, क्योंकि बिना संगठन के कोई भी राजनीतिक दल ना मजबूत होता है और ना ही सत्ता तक पहुंचता है।


चौधरी बीरेंद्र सिंह द्वारा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान का इस्तीफा मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि बीरेंद्र सिंह कांग्रेस में बड़े कद वाले नेता है। कांग्रेस की हार के कारणों पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में नेताओं को भी संगठन की क्षमता का अंदाजा होना चाहिए, क्योंकि बिना संगठन की क्षमता के कोई भी राजनीतिक दल मजबूत नहीं हो सकता। अशोक अरोड़ा ने कहा कि जब भारत आजाद हुआ, उस समय एक देश-एक चुनाव की ही परंपरा थी। भाजपा अब जो एक देश-एक चुनाव की बात कर रही है। वह भाजपा को सबसे पहले सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठकर इस प मंथन करना अनिवार्य था। लोकसभा या राज्यसभा में कोई भी ऐसी चीज लाने से पहले देश में सभी राजनीतिक दलों की एक सोच बनाए जाने का प्रयास होना चाहिए।

**दरबार लगाने की बजे जनहित के कार्य करें सरकार**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से प्रदेश में शुरू किए जाने वाले जनता दरबार को लेकर अशोक अरोड़ा ने कहा कि इस प्रकार के दरबार पहले भी लगते रहे हैं, लेकिन सरकार को दरबार लगाने की बजाए जनहित के कार्यों पर ध्यान देना चाहिए, जिससे जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि केवल घोषणाएं करने या फिर भीड़ को इकट्ठा करने से काम नहीं चलता, क्योंकि जनता सरकार से न्याय और अपने कामों की अपेक्षा करती है।

**चुनाव के लिए तैयार**

पूर्व मंत्री व थानेसर विधानसभा से कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा



कि निकाय चुनावों को लेकर पार्टी पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस ने नगर निगम का चुनाव सिंबल पर लड़ा था। नगर परिषद व पालिका का चुनाव भी सिंबल पर लड़ना चाहिए, क्योंकि 35 फीसदी से ज्यादा आबादी शहरों में रहती है। इसलिए शहरों के चुनाव पार्टी को सिंबल पर लड़ने चाहिए। हालांकि, अंतिम फैसला पार्टी नेतृत्व को लेना है।

**हरियाणा नहीं केंद्र सरकार से किसानों की लड़ाई**

अरोड़ा ने किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान पर स्पष्ट किया कि किसानों की लड़ाई हरियाणा सरकार से नहीं है और न ही उनकी मांग हरियाणा से संबंधित है। किसानों की लड़ाई केंद्र सरकार से है और वे दिल्ली जाना चाहते हैं, इसलिए रास्ते बाधित करके किसानों को रोकना गलत है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि सरकार ने किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर जाने से रोका, अब किसान पैदल दिल्ली जाना चाहते हैं। मगर अब भी सरकार किसानों को पैदल जाने से रोकने के लिए रास्ते बाधित कर रही है।

## 'समय और जगह आप चुनें', किसान नेता ने अमित शाह को दिया खुली बहस का न्योता

नरवाना (गुलशन चावला) - खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने जगजीत सिंह डल्लेवाल के सामने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को किसानों के मुद्दों पर खुली बहस का न्योता दिया है। उन्होनें कहा, अमित शाह जी दिन भी आपका और समय भी आपका होगा, किसान मीडिया के सामने टेबल पर बहस करने को तैयार हैं। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने मंच से कहा गृह मंत्री अमित शाह जी जगजीत सिंह डल्लेवाल 21 दिन से अनशन पर बैठे हैं। देश का पेट भरने वाले किसान खुद भूखे बैठने को मजबूर हैं। गृहमंत्री ये बयानबाजी बन्द करके देश को बहकाने की बजाए, वादा मोदी जी ने 2011 में जो एमएसपी का वादा किया था, उसको पूरा करने करें।

### कहा- हम सवालों के जवाब देने को तैयार

अभिमन्यु कोहाड़ गृहमंत्री अमित शाह को खुला चैलेंज देते हुए कहा कि अगर सरकार हमारे साथ इन मुद्दों पर आंकडो के साथ बहस करना चाहती है, तो हम बहस करने को तैयार हैं। उन्होनें कहा समय, स्थान व तारीख भी आपकी मर्जी की होगी। हम आंकडो के साथ खुली मीडिया के सामने लाइव बहस करने को तैयार हैं। तथ्यों के साथ सरकार के हर सवाल का जवाब देंगे को तैयार हैं।

उन्होनें कहा कि हम सड़क पर भी मजबूत हैं और टेबल पर भी मजबूत हैं। मीडिया के सामने लाइव हो जायें, ताकि देश की जनता भी जान ले सरकार सही है या किसान सही हैं। हमें आपका इन्तज़ार रहेगा, कब आप खुली बहस के लिए बुलाते हैं।

# हरियाणा कांग्रेस में फिर घमासान, चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी वीरेंद्र सिंह ने हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के इस्तीफे की मांग की है। चौधरी वीरेंद्र सिंह के बयान से हरियाणा में राजनितिक माहौल गरमा गया है। चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कांग्रेस की हालिया हार पर तीखी टिप्पणी की और कहा कि इस हार के पीछे कई कारण हैं।

उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि हरियाणा में कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं है और यही कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण बना।÷ उन्होंने कांग्रेस में बड़े बदलाव की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी को हरियाणा की जनता के और करीब लाने के लिए बड़े आंदोलन की जरूरत है। चौधरी वीरेंद्र सिंह ने किसी का नाम लिए बिना कहा, ÷हरियाणा में सब कुछ एक नेता के नाम पर केंद्रित था। यह गलत संदेश गया कि कांग्रेस की सरकार नहीं, बल्कि एक व्यक्ति की सरकार बन रही है। हार के बाद प्रदेश अध्यक्ष की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने पद से इस्तीफा दे। राजनीति में ऐसा हमेशा होता रहा है, लेकिन मुझे आश्चर्य है कि हरियाणा में अब तक ऐसा क्यों नहीं हुआ।

**ईवीएम के अलावा हरियाणा में कई बाहरी ताकतों ने भी किया काम**

भाजपा पर भी लगाए गंभीर आरोप वीरेंद्र सिंह ने भाजपा पर भी हमला बोला और कहा कि पार्टी ने बागी कांग्रेस नेताओं पर खूब पैसा खर्च किया और चुनाव में सत्ता, मशीनरी और वित्तीय संसाधनों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि ईवीएम के अलावा हरियाणा में कई बाहरी ताकतों ने भी काम किया। जब धर्म कार्ड काम नहीं आया तो जातिगत ध्रुवीकरण का सहारा लिया गया।÷ ÷मेरा लक्ष्य हरियाणा को कांग्रेस की जनता की पार्टी बनाना है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि मैं हरियाणा में बड़ा आंदोलन चलाऊंगा और कांग्रेस को फिर से हरियाणा की जनता की पार्टी बनाऊंगा। मेरा लक्ष्य है कि पार्टी हर वर्ग और हर समुदाय तक पहुंचे।

**संगठन की कमी और नेतृत्व की गलतियां हार का मुख्य कारण**

वीरेंद्र सिंह ने कांग्रेस की रणनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी में संगठन की कमी और नेतृत्व की गलतियां हार का मुख्य कारण बनीं। उन्होंने कहा कि यह समय आत्ममंथन का है और अगर पार्टी में बदलाव नहीं हुआ तो जनता से जुड़ने का सपना अधूरा रह जाएगा। चौधरी वीरेंद्र सिंह के इस बयान से हरियाणा कांग्रेस में हलचल मच गई है। अब देखना यह है कि पार्टी नेतृत्व इस



पर क्या कार्रवाई करता है और क्या प्रदेश अध्यक्ष अपने पद से इस्तीफा देंगे।

## साइलेंट हार्ट अटैक के चलते उप निरीक्षक की मौत

**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा**

बहराइच। जनपद बहराइच के रामगांव थाने में तैनात उपनिरीक्षक बीते सोमवार रात को गश्त के बाद जब थाने पहुंचे तो अचानक उनकी तबियात बिगड़ गई। जिसके बाद उन्होंने मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां रात दो बजे उनकी मौत हो गई। यह जानकारी थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने दी है।देवरिया जिले के थाना भटनी के ग्राम पिपरा बिट्ठल निवासी शिव प्रकाश दूबे (56) पुत्र अम्बिका दुबे राम गांव थाने में तैनात थे। सोमवार रात को वह पैदल गश्त के लिए गए। इसके बाद रात 10 बजे थाने पहुंचे। तभी अचानक तबियत खराब हो गई। जिस पर उपनिरीक्षक को मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान रात दो बजे उनकी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवाया और पुलिस वाहन से शव को देवरिया भेजने की प्रकिया चल रही है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि साइलेंट हार्ट अटैक के चलते उनकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि शिव प्रकाश जी वर्ष 1986 में पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर तैनात हुए थे। प्रमोशन पाकर महाराजंग में वर्ष 2022 में उपनिरीक्षक बने थे। बीते एक साल से राम गांव थाने में उनकी तैनाती थी। सीओ महसी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि परिजन जिला मुख्यालय आ गए हैं। पंचायत नामा के बाद शव भेजा जाएगा।

## जनाब! खेत नही, यह है जवासा गांव का आदर्श तालाब



**अमित कुमार (आज का मुद्दा) खानपुर :-** क्षेत्र के गांव जवासा आबादी के बीचों बीच एक तालाब आदर्श तालाब है, लेकिन यह आजकल उपेक्षा का शिकार है। इसके चलते इसमें जलकुंभी और झाड़ियां उग आई है। इसके जीर्णोद्धार के लिए आज तक किसी भी अधिकारी ने सुध नहीं ली है। विकास खंड जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव जवासा में कई वर्षो से आर्दश तालाब की न ही तो सफाई हो सकी न ही तार बंदी हो सकी और तालाब में दलदल बनी हुई है। अनेको बार तालाब में हरियाली देख कर पशु घास को चरने के लिए घुस जाते है। जोकि दलदल में फंस कर मौत भी हो गई है। दुष्यन्त कुमार, निखिल कुमार, जगदीश सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया है कि वर्तमान में तालाब जलकुंभी और झाड़ियो से ढक गया है। जिसमें कई तरह की गंदगी होने से पानी सढांध भी मारने लगा है। जिसमें कई तरह के जहरीले जीव जंतुओं ने डेरा बना लिया है। इस तालाब के जीर्णोद्धार तो आज तक किया नही गया और ना ही इसको साफ कराने की अधिकारियों ने जहमत तक नही उठाई। लेकिन आज यह तालाब जिस स्थिति में दिखाई दे रहा है। उससे नहीं लगता कि इसमें कभी कोई काम हुआ हो। इतना ही नहीं इस तालाब में कभी किसी अधिकारी ने पानी भरवाने की भी जहमत नहीं उठाई है। यह अनदेखी का ही नतीजा है कि यह आदर्श तालाब बद से बदतर तालाबों की श्रेणी में शामिल हो गया है। बारिश के कारण उन दिनों में तालाब का पानी ग्रामीणों के घरों तक प्रवेश कर लेता है। कुल मिलाकर कभी ग्रामीणों के लिए वरदान यह तालाब अब ग्रामीणों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। वही ग्रामीण आर्दश तालाबों का अधिकांश प्रयोग किनारे पर पशुओं को बाधंने में कर रहे है। जिस कारण ग्रामीण बुखार की चपेट में आ रहे है।

## हिंदुओं की संख्या घटना चिंताजनक : प्रवीण तोगड़िया




**दनकौर :** बिलासपुर स्थित एचएस गार्डन में मंगलवार को एक सभा को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि हिंदुओं की जनसंख्या लगातार घट रही है यह चिंता का विषय है बांग्लादेश में हिंदू मारे जा रहे हैं सरकार कुछ नहीं कर रहे प्रत्येक मुसलमान इस्लाम से जुड़ा है वह एक आवाज में हजारों एकत्र हो जाते हैं जबकि हम 20 लोग ही एकत्र नहीं हो पाते उन्होंने हिंदू समाज के लोगों से आवाहन किया कि हमारे देवालय शहर तथा गांव में सूने पड़े हैं उनमें हर मंगलवार तथा शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ होना चाहिए। डॉक्टर तोगड़िया ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून, बांग्ला देश के घुसपैठियों को देश के बाहर करना तथा कॉमन सिविल कोड बनाना आज समय की मांग है। अपनी जनसंख्या कम न हो के साथ बेटे बेटियों को पढ़ना भी बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि अब संघर्ष करने का समय आ गया है अपने लोगों की हर संभव मदद करनी चाहिए डॉक्टर तोगड़िया ने प्रयाग में आरंभ हो रहे कुंभ में पहुंचने का भी लोगों से आवाहन किया। इस दौरान संजय चेची , त्रिलोक गुर्जर , बृजेश राजपूत , अनुपम तायल, अवनेश, संजय नवादा, मनोज दुबे , सुरेश शर्मा, मनजीत नागर , डॉ कृष्णवीर ,सोनू, आदि लोग उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार ने मोपेड सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर मौत

**बुलंदशहर।** अनूपशहर कोतवाली क्षेत्र के अनीवास मोड़ के निकट पांच पीपल के पास तेज रफ्तार कार ने मोपेड में टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक ने उसे अस्पताल पहुंचाया और फिर वहां से भाग निकला। घायल की कुछ देर बाद ही उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव अमरपुर निवासी तुलसी शर्मा (32) खेती कर परिवार का पालन पोषण करते थे। सोमवार दोपहर वह अनूपशहर से अपने गांव अमरपुर जा रहे थे। अनूपशहर- बुलंदशहर रोड पर पांच पीपल के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी कार चालक मौका देख वहां से भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन भीड़ के दबाव में घायल को कार में बैठाकर सरकारी अस्पताल ले गया। इसके बाद मौका देख वहां से फरार हो गया। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों ने घायल तुलसी को कुछ ही देर बाद मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचना दी।



घटना की सूचना कोतवाली पुलिस ने तुलसी के परिजनों को दी। जिसके बाद कोतवाली पहुंचे परिजनों ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी आयुषी सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है

# अम्बाला छावनी में बैंक स्क्वेयर-कम-शापिंग मॉल बिल्डिंग हरियाणा की सबसे बेहतरीन बिल्डिंग होगी - ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज

**अंबाला/चंडीगढ़/नई दिल्ली, 18 दिसम्बर -(शशि किरण अरोड़ा)** - आज का मुद्दा--हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि ह्लजिस प्रकार से अम्बाला छावनी में बैंक स्क्वेयर-कम-शॉपिंग मॉल की बिल्डिंग बन रही है उससे वह समझते हैं कि यह हरियाणा की सबसे बेहतरीन बिल्डिंग होगी।

विज अंबाला के जगाधरी रोड पर निमार्णाधीन बैंक स्क्वेयर-कम-शॉपिंग मॉल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक एवं निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि निर्माण कार्य को लेकर आज विभिन्न विभागों के अधिकारी इसलिए एकत्रित हुए हैं ताकि जो रूका हुआ कार्य था उसे दोबारा पूरा किया जा सके। साथ ही बैंक स्क्वेयर-कम-शापिंग मॉल को असली नक्शा के अनुसार ही बनाया जाए। उन्होंने बताया कि इस बिल्डिंग में अम्बाला छावनी के 32 बैंक शिफ्ट होंगे, अभी यह बैंक बाजारों में सड़कों पर है और बैंकों के आगे पार्किंग समस्या की वजह से सारा दिन बाजारों में जाम रहता है। इसलिए यह तय किया गया है कि सारे बैंक एक ही बिल्डिंग में आए। एक ही बिल्डिंग में सभी बैंक आने से लोगों को भी इससे आसानी होगी और वह बैंक से जुड़े कार्य एक ही बिल्डिंग में आकर पूरे कर सकते हैं। बैंक स्क्वेयर-कम-शापिंग मॉल की ही तरह उन्होंने पहले एसडीएम आफिस बनाकर दिया जहां आज विभिन्न विभागों के दफ्तर है जोकि फैले हुए थे वह सभी एक ही छत के नीचे एसडीएम आफिस में शिफ्ट किए गए। उन्होंने बताया कि अब बन रही नई बिल्डिंग में यहां लगभग 32 बैंक आ रहे हैं और शोरूम बन रहे हैं। इस बिल्डिंग का नाम इसी वजह से अब अम्बाला बैंक स्क्वेयर-कम-शापिंग मॉल रख रहे हैं। आज निर्माण कार्य को लेकर सभी संबंधित अधिकारी आए है और सर्वसम्मति से प्रपोज्जल बनाने का निर्णय लिया है जिसे सरकार के पास भेजा जाएगा।



**ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने बैंक स्क्वेयर-कम-शॉपिंग मॉल में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया** इससे पहले, ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने चंडीगढ़ से आए हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के एमडी डीजीपी ओपी सिंह, चीफ इंजीनियर संजय महाजन, एसई संजय वर्मा, एक्सईएन राजपाल, डीएमसी अम्बाला सचिन गुप्ता, एसडीएम सतेंद्र सिवाच, ईओ रविंद्र कुहार एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैंक स्क्वेयर-कम-शापिंग मॉल की पूरी बिल्डिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पिछली तरफ शोरूम बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इसका प्रपोज्जल बनाया जाए।

विज ने निर्माण कार्य को लेकर बिल्डिंग के भूतल, प्रथम तल व अन्य तलों पर जाकर बारिकी से निर्माण कार्य का जायजा लिया और जल्द निर्माण को पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि बिल्डिंग की छत मजबूत शीशे की होगी जिससे दिन के समय पूरी रोशनी बिल्डिंग में फैलेगी। इसके अलावा, अन्य जानकारियां भी उन्होंने मंत्री अनिल विज को दी।

# सिम्स हॉस्पिटल में 31 दिसम्बर तक अत्याधुनिक एम.आर.आई. की जाँच मात्र 3000 में

**(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)**

**मथुरा।** नेशनल हाईवे संख्या - 19 स्थित सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स हॉस्पिटल) में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अत्याधुनिक एवं एकमात्र एम.आर.आई (एडवांस्ड जीई सिग्ना क्रिएटर थ्री टेस्ला "पी" एम.आर.आई.) पर सभी एम.आर.आई. टैस्ट मात्र 3000 रूपए में किया जा रहा है।जो कि 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर 2024 तक चलेगा।इसके अलावा टफ्क्रजाँच के बाद विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा रोगियों को निःशुल्क परामर्श भी दिया जा रहा है।जरूरतमंद मरीज एम.आर.आई की जाँच के लिए सिम्स हॉस्पिटल में आकर इस स्पेशल ऑफर का लाभ ले सकते हैं।





सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि ब्रजवासियों की सेवा और मरीजों की गहन जाँच के लिए संकल्पबद्ध है। सिम्स है, तो मुमकिन है। मुझे खुशी है कि ब्रजवासियों की सेवा का मेरा सपना पूरा हो रहा है। अब सिम्स हॉस्पिटल में सभी एम.आर.आई मात्र 3000 हजार रुपये में प्रारंभ हो गई है।साथ ही एमआरआई की जाँच के उपरान्त विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा निःशुल्क परामर्श होगा। जरूरतमंद मरीज इस हेल्थ कैम्प में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे ऐसा मेरा विश्वास है।

उन्होंने कहा कि सिम्स हॉस्पिटल के रेडियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अभय रैना को रेडियोलॉजी के क्षेत्र में 10 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। इसके साथ ही रेडियोलॉजी विभाग में प्रशिक्षित और अनुभवी टेक्नीशियन की कुशल टीम 24 घण्टे मरीजों की गहन जाँच के लिए तत्पर रहती है। एडवांस्ड जी.ई. सिग्ना क्रिएटर 3टी(पी) एमआरआई मशीन ब्रज क्षेत्र की सबसे आधुनिक एम.आर.आई. मशीन है। यह मशीन सभी प्रकार की एम.आर.आई. करने में सक्षम है। इस एडवांस्ड एम.आर.आई से कम समय में उच्च गुणवत्ता की जाँच की जाती है तथा मशीन कम आवाज से कार्य करती है। अर्थात साइलेंट एम.आर.आई. है, यह मशीन न्यूरो, ब्रेन, स्पाइन और हड्डी एवं जोड़ों की अत्याधुनिक गहन जाँच करने में सक्षम है। जैसे कि एम.आर.आई. ब्रेन एंजियोग्राफी स्प्रेक्ट्रोस्कोपी और स्पेशल डायनामिक स्टडी आदि इसके साथ ही सिम्स हॉस्पिटल में एक ही छ्त के नीचे रेडियोलॉजी की सभी सुविधा उपलब्ध है।

## महाविद्यालय में साइबर क्राइम को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन



पोषित कुमार(आज का मुद्दा)

अनूपशहरः महाविद्यालय में बीसीए विभाग के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जीके सिंह ने की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए साइबर क्राइम से संबंधित जुड़े मुद्दों तथा इन से उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार की समस्याओं के विषय में चर्चा की तथा विद्यार्थियों को अवगत कराया कि साइबर अपराध एक ऐसे अपराध की श्रेणी है जो भारत में मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से तीव्र गति से बढ़ रहा है। कार्यक्रम में बीसीए प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने भाग लिया तथा अलग अलग छात्र छात्राओं ने अपने वक्तव्य के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं को एक दूसरे से साझा किया।इस कार्यक्रम में बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता, मयंक शर्मा, सचिन अग्रवाल तथा सत्यप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# पी.सी.एस. प्री परीक्षा तैयारी के सम्बंध में डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**बहराइच 17 दिसम्बर।** उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 22 दिसम्बर 2024 को (दो पालियों/सत्रों में पूर्वान्ह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक व अपरान्ह 02.30 बजे से 04.30 बजे) तक आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा०) परीक्षा-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, शुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, सहायक केन्द्र व्यवस्थापको, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों को सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बंध में आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया कि दिशा-निदेर्शों का भलि-भांति अध्ययन कर शासन की मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। डीएम ने बताया कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सर्तक निगरानी रखी जायेगी। परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी पेपर, पेन्सिल बाक्स, केलकुलेटर, सनग्लास, वालेट, कैप, ज्वैलरी, खाद्य सामग्री, मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाभी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थबैण्ड सहित अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी।



डीएम मोनिका रानी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को सचेत किया कि नकल को लेकर पूरी से संवेदनशील रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा भी प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक के अतिरिक्त सहायक केन्द्र व्यवस्थापक के साथ 01-01 स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो परीक्षा की निगरानी करेंगे। डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे। पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने बताया कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र परिसर के आस-पास सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये जायेंगे। परीक्षा में नकल कराने वालों से पूरी कड़ाई के साथ निपटा जायेगा। परीक्षा की शुचिता प्रभावित न हो इसके लिए कमाण्ड सेन्टर से सीसीटीवी स्क्रीनों पर नजर रखी जायेगी।

डीएम मोनिका रानी ने केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त साफ-सफाई, पेयजल व विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर 02 से 03 दिवस पूर्व ही सीसीटीवी कैमरे इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

## अनूपशहर में बार एसोसिएशन चुनाव:4 पदों पर निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी,अध्यक्ष, सचिव व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 23 दिसंबर को होगा मतदान

पोषित कुमार(आज का मुद्दा)

अनूपशहरः अनूपशहर बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव 23 दिसंबर को होगा। 4 पदों पर निर्विरोध की स्थिति होने एवं कोषाध्यक्ष पद पर अकेले किए गए नामांकन के निरस्त होने के कारण अध्यक्ष, सचिव व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मतदान होगा।अनूपशहर बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए विभिन्न पदों के लिए 14 वकीलों ने चुनाव अधिकारियों के सामने नामांकन पत्र जमा कराए थे।



**तीन पदों पर होंगे चुनाव**

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बार एसोसिएशन के 8 पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, वरिष्ठ सह सचिव, कनिष्ठ सह सचिव, ऑडिटर तथा कोषाध्यक्ष के लिए नामांकन भरे गये थे। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए हरीचंद एडवोकेट के नाम वापस लेने के पश्चात कमलचंद बंसल, धनंजय शर्मा व जयप्रकाश शर्मा एंव सचिव पद के लिए शशांक गौड़ व दीपेंद्र राघव एवं कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए आशा शर्मा व प्रेमवीर सिंह के बीच मुकाबला होगा।वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए जगमोहन सिंह, वरिष्ठ सह सचिव के लिए ऋषिपाल सिंह, कनिष्क सह सचिव के लिए धर्मेंद्र सिंह, ऑडिटर के लिए पीयूष गोयल द्वारा अपना नामांकन पत्र वापस लेने के पश्चात घरेंद्र पाल सिंह निर्विरोध हुये है। जबकि कोषाध्यक्ष पद का पर्चा पूरा ना होने की वजह से निरस्त हो गया। जिस पर नयी बार एसोसिएशन कार्यकारिणी द्वारा फैसला किया जाएगा।

**23 दिसंबर को होगा मतदान**

नामांकन पत्र 12 व 13 दिसंबर को लिए गये थे। 16 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की गई थी। इसी क्रम में 17 दिसंबर को दो पदो पर प्रत्याशी ने अपना नाम वापस लिया है। 23 दिसंबर को अध्यक्ष, सचिव व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान अनूपशहर बार एसोसिएशन कार्यालय में सुबह 10 से 3 बजे तक किया जाएगा जिसके तुरंत पश्चात मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा की जन जागरूकता हेतु शिक्षण संस्थाओं में संचालित किया जाय अभियान डीएम

**बहराइच 17 दिसम्बर।** अपमिश्रित खाद्य पदार्थों, नकली अधोमानक एवं मिथ्या छाप औषधियों के निर्माण एवं विक्रय की प्रभावी रोकथाम हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष-2024-25 में 1332 निरीक्षण, 151 छापे एवं 262 विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूनें संग्रहित किये गये। वित्तीय वर्ष-2024-25 में 218 खाद्य पदार्थों के जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें 65 अधोमानक, 03 असुरक्षित एवं 01 मिथ्याछाप नमूने पाये गये। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 108 वाद न्याय निर्णयन अधिकारी के न्यायालय में एवं 02 वाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में दाखिल किये गये। न्याय निर्णायन अधिकारी द्वारा 50 वादों में रू. 483500 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। पी.डी.एस., एम.डी.एम./कस्तूरबा गांधी विद्यालय, जिला अस्पताल एवं आई.सी.डी.एस. के कुल 56 निरीक्षण किये गये तथा 60 नमूनें लेकर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया।

औषधि निरीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 108 निरीक्षण, 10 छापे एवं 118 औषधियों के व 08 कॉस्मेटिक के नमूनें संग्रहित किये गये, 86 नमूनें मानक के अनुरूप पाये गये एवं 04 औषधियां अधोमानक पायी गयी, जिस पर नियमानुसार परिवाद दाखिल कर दिया गया है। डीएम द्वारा बैठक में न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में लम्बित मुकदमों में तीव्र गति से निर्णय हेतु प्रभावी पैरवी के आदेश दिये गये। जिलाधिकारी महोदया द्वारा जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के मेस, प्राइमरी स्कूलों के माध्यान्ह भोजन, जिला अस्पताल, सीएचसी, मेडिकल कालेज के मेसों, आंगनबाडी केन्द्रों पर वितरित किये जा रहे पुष्टाहार की नियमित जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।



उन्होनें कहा कि स्कूलों, कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए तथा कैम्पस के अन्दर जागरूकता/प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण किया जाए एवं पोस्टर लगवाएं जाएं। खाद्य पदार्थो विशेषकर फॉस्ट फूड की सामग्री में रंगों का प्रयोग न किया जाए इस हेतु स्ट्रीट फूड वेण्डर एवं उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाए। घरेलू जाँच के तरीकों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे कि आमजनमानस स्वयं घर पर सामग्री की जांच कर सके। जनसूचना अधिकारी के माध्यम से प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता सम्बन्धी सामग्री प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में दी जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, वाणिज्यकर अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, मण्डी सचिव, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, औषधि निरीक्षक, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी, पुरूषोत्तम दास अध्यक्ष, किराना मर्चेन्द्र ऐसोसिएशन, विकास मलानी, महेश कुमार गुप्ता एव विकास जालान व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि एवं औषधि विक्रेता संघ के प्रतिनिधि महेश अग्रवाल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# आगामी 22 दिसम्बर 2024 को राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुचीता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य जिला प्रशासन कृत संकल्पित



**आज का मुद्दा**
**गौतमबुद्धनगर :** उत्तर प्रदेश शासन एवं उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की मंशा के अनुरूप जनपद में आगामी 22 दिसम्बर 2024 को दो पालियों में होने वाली राज्य/प्रवर अधिनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचीता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य आज जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आईआईएमटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा के सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुये बताया कि आगामी 22 दिसम्बर 2024 को जनपद गौतम बुद्ध नगर में 18 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में होने वाली परीक्षा की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारीगण तथा केंद्र व्यवस्थापक अपनी-अपनी सभी तैयारियां परीक्षा से पूर्व उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के मानकों के अनुरूप सुदृढ़ करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का बहुत ही अहम योगदान होता है, इसीलिए जिला प्रशासन के अधिकारीगण पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए मानकों के अनुरूप अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करेंगे एवं संबंधित अधिकारीगण समय से अपनी-अपनी ड्यूटी स्थलों पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाली परीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं, यदि कोई भी मूलभूत सुविधा या सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा हो तो तत्काल उसको सही कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र के एंट्री गेट पर एंट्री कराते समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर विशेष फोकस रखा जाए, कोई भी अभ्यर्थी अपने साथ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा केंद्र के अंदर न ले जा पाए, ताकि उत्तर प्रदेश शासन एवं उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की मंशा के अनुरूप आगामी 22 दिसम्बर 2024 को होने वाली परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराया जा सके। इस अवसर आयोग के प्रतिनिधि संजीव कुमार द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक को मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने की विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई। इस महत्वपूर्ण बैठक का सफल संचालन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह एवं समस्त सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## सामुहिक विवाह में एक साथ 13 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे,नवयुवक मित्र मंडल को दी आशीष







**आज का मुद्दा-नोएडा।** कहते हैं, जोड़ियां स्वर्ग से बनकर आती है और धरती पर विवाह के बंधन में परिवर्तित होती है।यह कहावत मंगलवार को नोएडा में चरितार्थ हुई। जनपद गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में एक साथ 13 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।नवयुवक मित्र मंडल,नोएडा की अगुवाई में इस सामुहिक विवाह में नोएडा के हजारों लोग गवाह बने। इस समारोह में पूर्व विधायक व पूर्व महिला अध्यक्षा श्रीमती बिमला बाथम, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली सहित शहर के तमाम गणमान्य लोग शामिल होकर वर-वधुओं को अपनी शुभकामनाएं दी।नव युवक मित्रमंडल, नोएडा के सौजन्य से सेक्टर 19 स्थित बारात घर में आयोजित सामुहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष - विकास अग्रवाल, सचिव - दीपक गोयल व सुमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष - मनीष बंसल व चिंकू गुप्ता, रितिक गोयल - कमेटी मेम्बर का अथक प्रयास सराहनीय रहा, जिसके प्रतिफल निर्धन परिवार के 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंध सके। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम 13 दूल्हों को सेक्टर 19 के सनातन धर्म मंदिर से वैधानिक तरीके से सुसज्जित रथ पर सवार कर बैंड बाजों के साथ बारात घर सेक्टर 19 पर पहुंचा, जहां शहर के पहले से मौजूद गणमान्य लोगों द्वारा फूल मालाओं के साथ भव्यता पूर्वक स्वागत किया गया। इसके पश्चात वर-वधुओं ने एक दूसरे के गले में जयमाला डालकर एक दूजे का साथी होना स्वीकार किया। नवयुवक मित्र मंडल,नोएडा ने इस मौके पर वर-वधुओं के लिए 84 प्रकार के उपहार की व्यवस्था की थी, जिसमें बेड, आलमारी, कूलर, डिनर सेट, सिलाई मशीन, साड़ी, पैंट- शर्ट , सूटकेश, चूल्हा-सिलेंडर, कुकर-कड़ाही, मंगलसूत्र , पायल, चुटकी, कोका , गद्दा, तकिया, बाल्टी सहित अन्य घरेलू सामान और वधुओं के लिए श्रृंगार के सामान शामिल रहे।

## सलाम नमस्ते में उपभोक्ता सप्ताह की शुरूआत






**आज का मुद्दा**-नोएडा। आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में उपभोक्ता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। मंगलवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि बीआईएस नोएडा के डिप्टी डायरेक्टर हर्षित कुमार जैन ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को उनके अधिकार एवं जिम्मेदारी से अवगत कराया गया।कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आईएमएस के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। सलाम नमस्ते समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता को केवल खरीदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे अपने अधिकारों और दायित्वों की भी गहरी समझ होनी चाहिए। जागरूक उपभोक्ता ही एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है।

मुख्य अतिथि हर्षित कुमार जैन ने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता आज के समय की मांग है। हर उपभोक्ता को अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ और पारदर्शी बाजार व्यवस्था बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बीआईएस केयर की संरचना की है। इसके माध्यम से आप सभी उपभोक्ता खरीदे उत्पाद की गुणवत्ता की जांच कर सकते है साथ ही जरूरत पड़ने पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि इस सप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कार्यशालाएं, पैनल चर्चा एवं रेडियो टॉक शो आयोजित की जाएंगे। इस दौरान रेडियो स्टेशन पर विशेष सत्र प्रसारित किए जाएंगे, जिनमें उपभोक्ता संरक्षण कानून और शिकायत निवारण प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। आज के कार्यक्रम के अंत में यूथ-टू-यूथ कनेक्ट कैम्पेन में चयनित छात्रों को मानक मित्र के रूप में पुरस्कृत किया गया।

## 21 दिसंबर को यदु पब्लिक स्कूल में होगा वार्षिक दिवस समारोह,प्रमुख हस्तियां होंगी शामिल



**आज का मुद्दा-नोएडा।** नोएडा सफाबार्द सेक्टर 73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल में आगामी 21 दिसंबर को वार्षिक उत्सव (एनुअल डे फंक्शन) का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यदु पब्लिक स्कूल की एमडी कुंज यादव ने बताया कि स्कूल का मुख्य उद्देश्य कम से कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेल को भी प्राथमिकता दी जाती है, जिससे बच्चे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों में भी आगे बढ़ें।

**खेल और शिक्षा में बच्चों ने बनाई पहचान**

एमडी कुंज यादव ने बताया कि यदु पब्लिक स्कूल से कई छात्र-छात्राएं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल का फोकस बच्चों के सर्वांगीण विकास पर है ताकि वे समाज में सम्मानजनक पदों पर पहुंचें। प्रेस वार्ता के दौरान राज नारायण सिंह ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम शाम 5:00 बजे से शुरू होगा और इसमें समाज की जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी।

**मुख्य अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, डीपी यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंद्र सिंह और जिलाधिकारी मनीष वर्मा उपस्थित रहेंगे। स्कूल प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा।

**स्कूल की स्थापना और योगदान**

वर्तमान में सफाबार्द सेक्टर 73 में स्थित यदु पब्लिक स्कूल की स्थापना उस समय हुई जब गांव की बड़ी आबादी के पास आधुनिक शिक्षा के लिए कोई संसाधन उपलब्ध नहीं थे। बच्चों को उइरए बोर्ड की शिक्षा के लिए 10 किलोमीटर तक का सफर पैदल तय करना पड़ता था। ऐसे समय में स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी स्वर्गीय महाशय तेजपाल जी ने आधुनिक शिक्षा की ज्योति जगाई। उन्होंने गांव और क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाया, जिसका परिणाम है कि आज हजारों बच्चे डॉक्टर, वकील, एमपी, एमएलए, जिला पंचायत अध्यक्ष और विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्यरत हैं। स्कूल ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को भी साकार करते हुए लड़कियों को समान अवसर दिया।

**प्रबंधकों की नई सोच और लक्ष्य**

वर्तमान में स्कूल का प्रबंधन कुंज यादव और कुणाल यादव के कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। योग्य शिक्षकों और प्रिंसिपल के मार्गदर्शन में स्कूल बच्चों के उज्वल भविष्य को संवारने में जुटा हुआ है। कुंज यादव ने कहा कि स्कूल राष्ट्रीयता और उच्च मापदंडों के साथ बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर करेगा।कार्यक्रम में सभी अभिभावकों और गणमान्य लोगों के शामिल होने की अपील की गई है। यह

वार्षिक दिवस समारोह न केवल बच्चों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा बल्कि स्कूल की भावी योजनाओं और संकल्पों का भी परिचायक बनेगा।

## शिक्षकों की मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन




**आज का मुद्दा**-नोएडा। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों की मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय मामूरा 2 ब्लॉक बिसरख में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण प्रक्रिया में नवीनतम तकनीकों और प्रभावी रणनीतियों से अवगत कराना था।बैठक खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र भूषण प्रसाद के मार्गदर्शन में संचालित की गयी।बैठक का मुख्य एजेंडा

शैक्षणिक प्रगति प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर आत्म-मूल्यांकन और भावी योजना निर्माण फ्रेमवर्क का उपयोग करके शिक्षण पद्धतियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत रुप से चर्चा की गयी।उच्च प्राथमिक स्तर पर डिजिटल साक्षरताः चुनौतियाँ और सवोत्तम प्रथाएँ पर चर्चा की गयी।निपुण आकलन एवं अर्धवार्षिक परीक्षा के बारे में चर्चा की गई एवं 17 दिसंबर से 21 दिसंबर तक वीर बाल दिवस को मनाने हेतु दिशा निर्देश पर भी रोशनी डाली गयी।शिक्षकों द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।इस

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र भूषण प्रसाद एवं उपस्थित सभी शिक्षण संकुल के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।यह बैठक शिक्षकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही।शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।इस मौके पर आरपी कविता भटनागर व शिक्षण संकुल सदस्य सारिका, शिल्पी आही, श्रुति, सुमन यादव, अर्चना पांडेय मौजूद रही।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मृति समारोह का आयोजन,कई लोक कलाकार सम्मानित





**आज का मुद्दा- ग्रेटर नोएडा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मृति समारोह का आयोजन पटेल लोक संस्कृति संस्थान द्वारा किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत

व विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव मलूक नागर मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने की।इस दौरान संस्थापक के संरक्षक के.पी.कसाना

(प्रिंसिपल),वेदपाल भाटी, एडवोकेट राजकुमार नागर, सोमेंद्र भाटी, जगबीर भाटी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मपाल नागर व प्रभारी गौरव नागर ने बताया कि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सर्वप्रथम मां के नाम एक वृक्ष संस्थान में लगाया। इस मौके पर भारत के कोने-कोने से आये लगभग सौ लोक कलाकारों को सम्मानित किया गया।जिसमें मुख्य रुप से मास्टर कर्मपाल शर्मा, मंजू शर्मा, सुनीता पांचाल, राजेन्द्र खरकिया, राजबाला बहादुरगढ़, ठाकुर अनन्या सिंह, दीपा चौधरी, जयवीर भाटी, रामकुमार लक्खा, उदयवीर चौहान, योगेन्द्र चौधरी, सत्ते फरगानियां, रणवीर बड़वासिया, शशि देवी, संध्या शर्मा, कृष्ण बावरा, खुशी भोजपुरी, काशीनाथ यादव, मन्नू यादव, दीपक त्रिपाठी मौजूद थे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अंतरराष्ट्रीय लोक कलाकार ब्रह्मपाल नागर व लोक कलाकारों के हित के लिए किये गये कार्यों की खुलकर तारीफ की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि समारोह अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के भारत एकीकरण के कार्य को खुलकर सराहना की व पटेल साहब को देश का महानायक बताया। भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एन.पी. सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड वत्तचित्र गीत का विमोचन किया व भारतीय शिक्षा में आधुनिक व पौराणिक शिक्षा के समायोजन के महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकार सतीश कुमार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वत्तचित्र गीत का विमोचन किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा संस्कृति एवं पर्यटन वत्तचित्र गीत को विमोचन किया गया।यीडा के ओएसडी शैलेन्द्र भाटिया ने कार्यक्रम का विधिवत समापन किया।अंत में पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मपाल नागर ने सभी आगन्तुकों का दिल से धन्यवाद किया।

## रोटरी क्लब नोएडा में होंगी कैंसर की निःशुल्क जांच,150 लोगों को मिलेगा लाभ



**आज का मुद्दा-नोएडा।** रोटरी क्लब नोएडा इस वर्ष अपने "जागृति" अभियान को दूसरी बार फिर से शुरू करने जा रहा है।इस अभियान का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाना और इस घातक बीमारी के समाधान के लिए जनसहयोग प्राप्त करना है।यह अभियान 22 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे, आई एम ए हाउस, सेक्टर 31, नोएडा में आयोजित किया जाएगा।इस अभियान के तहत कैंसर के विभिन्न प्रकारों, जैसे मुंह का कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर आदि के बारे में विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम में दिल्ली से आए हुए कैंसर विशेषज्ञ डॉ. संजीव दीक्षित और डॉ. नीता दीक्षित कैंसर से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे और लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरुक करेंगे।इसके साथ ही, कार्यक्रम में कैंसर की निःशुल्क जांच भी की जाएगी,जिसमें लगभग 150 व्यक्तियों की कैंसर जांच की जाएगी। यह जांच इस उद्देश्य से की जाएगी कि लोग जान सकें कि उनके शरीर में कोई कैंसर तो नहीं है। यह जांच केवल पहले 150 पंजीकृत व्यक्तियों के लिए उपलब्ध होगी, इसलिए पंजीकरण करना अनिवार्य है।पंजीकरण के लिए संपर्क नंबरः 9266730627 है। रोटरी क्लब नोएडा की अध्यक्ष डॉ. मोहिता शर्मा ने कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जो दिन-प्रतिदिन तेजी से फैल रही है।इस जागरुकता अभियान के माध्यम से हम समाज को इस बीमारी से बचने के उपाय और समय पर उपचार के बारे में बताने का प्रयास कर रहे हैं। रोटरी क्लब नोएडा के महासचिव अलका चोपड़ा,जागृति अभियान के चेयरमैन आशुतोष सिंघल कोचर, दीपक भार्गव, अभिमन्यु माथुर, सिम्मी भादवा और अशोक मनचंदा ने भी इस अभियान के महत्व को लेकर अपनी बातें साझा कीं और सभी को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाना और लोगों को समय रहते इलाज के प्रति जागरूक करना है, ताकि इस बीमारी से बचाव संभव हो सके।हम सभी से निवेदन करते हैं कि वे इस कार्यक्रम में भाग लें और कैंसर के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें।

## मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 का ताज रेचल गुप्ता के नाम



**आज का मुद्दा-गुरुग्राम।** प्रतिष्ठित मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 का ताज अब मिस रेचल गुप्ता के सिर पर है, जो पंजाब के जलंधर शहर से हैं और जिन्होंने देशभर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। रेचल ने 80 देशों के प्रतिभागियों को हराकर यह खिताब जीता और दुनिया भर की सबसे सक्षम और सुंदर महिलाओं के साथ प्रतिस्पर्धा की।इस उपलब्धि के बारे में जानकारी देने के लिए एक भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन लीला एम्बियंस, गुरुग्राम में किया गया। जहाँ रेचल ने अपनी अद्भुत यात्रा के बारे में बात की और इस सफलता के पीछे अपने परिवार के समर्थन को मुख्य कारण बताया।प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए रेचल ने अपनी यात्रा को एक रोलरकोस्टर की तरह बताया और कहा कि मेरे जीवन में कई ऐसे पल आये थे जब मुझे लगता था कि मुझे पीछे हट जाना चाहिए, लेकिन मेरे परिवार के हौसला ने ही मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।उनका विश्वास ही मेरी सफलता का कारण है, रेचल ने अपने आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वे जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने की योजना बना रही हैं।आगे बताया कि मैं उन्हें अपनी यात्रा के बारे में बताना चाहती हूं और इस उपलब्धि के माध्यम से भारतीय महिलाओं के सपनों और संभावनाओं पर चर्चा करना चाहती हूं।इसके अलावा रेचल ने 17 दिसंबर 2024 को दिल्ली में एक विशेष रोड शो का आयोजन करने की घोषणा की,जिससे वह भारतीय दर्शकों के साथ अपनी जीत का जश्न मनाएंगी और इस ऐतिहासिक उपलब्धि को साझा करेंगी।बता दे कि रेचल की यह जीत न केवल एक व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि यह राष्ट्रीय गर्व का भी प्रतीक है, क्योंकि जलंधर अब वैश्विक मानचित्र पर अपनी सुंदरता और प्रतिभा के लिए पहचाना जाएगा।उनकी कहानी संघर्ष, महत्वाकांक्षा और परिवार के अडिग समर्थन की है, जो दुनिया भर की युवतियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गयीं है। इस अवसर पर मिस ग्रैंड इंटरनेशनल के अध्यक्ष नवत इट्सारग्रीसिल, उपाध्यक्ष टेरेसा चैविसुत, मिस ग्रैंड इंडिया की राष्ट्रीय निदेशक आकांक्षा और स्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के संस्थापक एवं सीईओ सौरव आनंद सहित कई प्रमुख हस्तियाँ भी उपस्थित थीं।इन सभी ने रेचल की संघर्षशीलता की सराहना की और उन्हें दृढ़ता और आकांक्षा का प्रतीक बताया।

## फॉस्टिमा बिजनेस स्कूल में मुख्य अतिथि के रुप में पहुँचे लोकसभा सांसद डॉ.शशि थरूर

**दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के लोकप्रिय कॉलेज फॉस्टिमा बिजनेस स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह आयोजन क्क्ट अहमदाबाद के फाउंडिंग फैकल्टीज के सम्मान में किया गया था।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. शशि थरुर मौजूद रहे।साथ ही सम्मानित अतिथियों में एसवाई सिद्दीकी,किरण करिक,राजीव दुबे और ध्रुव प्रकाश शामिल थे। इनमें सलाहकार परिषद के सदस्य, बड़ी कंपनियों के प्रमुख लोग और मेकमाईट्रिप, केपीएमजी, ब्लू पाई कंसल्टिंग जैसी संस्थाओं के सीनियर अधिकारी शामिल थे।इन सभी के पास बहुत व्यापक और अलग अलग एक्सपीरिएंस थे।इन लोगों के अनुभवों ने इस प्रोग्राम को खास बना दिया।मार्गदर्शक 3.0 अवाड्र्स में 11 कैटेगरी में विनर्स का चयन किया गया।इसमें बड़ी कंपनियों के चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर (सीएचआरओ), मार्केटिंग डिपार्टमेंट के हेड ऑफ ह्यूमन रिसोर्स (एचआरबीपी मार्केटिंग) और एसोसिएट डायरेक्टर शामिल थे।उन्हें उनके काम के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को को संबोधित करते हुए डॉ. शशि थरूर ने कहा कि मैं फॉस्टिमा बिजनेस स्कूल के मार्गदर्शक अवाड्र्स के तीसरे एडिशन का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं।इस अवार्ड की शुरूआत चार साल पहले प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजेंट (IIM) के फाउंडिंग फैकल्टी के सम्मान में की गई थी।एमबीए डिग्री का मुख्य उद्देश्य अलग अलग इंडस्ट्रीज, मार्केट मेकेनिज्म और ग्लोबल इकोनॉमी में बिजनेस डायनामिक्स की समझ को गहरा करना है.भारत अब आंत्रप्रेन्योरशिप के एक ग्लोबल सेंटर के रूप में उभर रहा है और गर्व से दुनिया की तीसरी सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम का स्थान रखता है।मार्गदर्शक 3.0 की सफलता पर, फॉस्टिमा (FOSTIIMA) बिजनेस स्कूल, दिल्ली के चेयरमैन,अनिल सोमानी ने कहा कि मैं आप सभी गणमान्य अतिथियों का मार्गदर्शक 3.0 के इस सम्मान समारोह में हार्दिक स्वागत करता हूं।फॉस्टिमा 'फ्रेंड्स ऑफ 73' का संक्षिप्त रूप है और इसकी स्थापना आईआईएम अहमदाबाद के सात एलुमनाई द्वारा की गई थी।फॉस्टिमा का मैनेजमेंट भी आईआईएम-ए के पूर्व छात्रों द्वारा देखा जाता है। हमने फॉस्टिमा की शुरूआत कुछ वापस देने के उद्देश्य से की थी क्योंकि हमने महसूस किया कि हम अपनी सफलता का क्रेडिट अपने मातृ संस्थान, यानी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अहमदाबाद और फाउंडिंग फैकल्टी के कामों के महत्व को दिया जा सके एक संस्थान को हर पूर्व छात्र द्वारा याद किया जाता है, लेकिन फैकल्टी को अक्सर भुला दिया जाता है. इसलिए इस फैकल्टी को श्रद्धांजलि के रूप में, हमने इस नेक इरादे से मार्गदर्शक अवार्ड की शुरूआत की।मार्गदर्शक पुरस्कार एक यूनीक अवार्ड है क्योंकि एक संस्थान दूसरे मूल संस्थान के फैकल्टी की स्मृति का सम्मान कर रहा है, जो इन अवार्ड को विशेष बनाता है।